● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 280, पृष्ठ : 08, सीधी, मंगलवार , 26 नवम्बर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र हक की बात, बुलंदी के साथ

# विन्ध्य टाइगर




ये हिंदुत्व की जीत है, महाराष्ट्र में सिर्फ भगवा चलेगा: नितेश राणे 5

ऑस्ट्रेलिया पहुंचते ही रोहित शर्मा ने शुरू किया अभ्यास 6

## मुख्यमंत्री का लंदन में भारतीय उच्चायुक्त एवं प्रवासी भारतीयों ने किया आत्मीय स्वागत

### विदेशी निवेशकों को आमंत्रित करने मुख्यमंत्री यूके और जर्मनी की विदेश यात्रा पर

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का लंदन पहुंचने पर यूनाइटेड किंगडम में भारत के उच्चायुक्त श्री विक्रम के दोराईस्वामी और प्रवासी भारतीयों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव फरवरी में होने जा रहे ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में विदेशी निवेशकों को मध्यप्रदेश में उद्योगों की स्थापना के लिए आमंत्रित करने के लिए इंग्लैंड और जर्मनी प्रवास पर हैं। अपने 6 दिवसीय विदेशी प्रवास के दौरान वे उद्योगपतियों से मुलाकात कर उन्हें मध्यप्रदेश आने का न्यौता देंगे। मुख्यमंत्री के साथ अधिकारियों का उच्च स्तरीय दल भी विदेश प्रवास पर है।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव की यात्रा का मुख्य उद्देश्य मध्यप्रदेश को औद्योगिक हब बनाने के साथ ही हर प्रकार के उद्योग को आमंत्रण के साथ मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास को नई ऊंचाईयां देने और वैश्विक निवेश को आकर्षित करना है। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय निवेश के अवसरों को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने का अभूतपूर्व प्रयास है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आगामी फरवरी माह में भोपाल में आयोजित हो जा रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में निवेशकों को आमंत्रित करने के उद्देश्य से 6 दिवसीय विदेश यात्रा पर लंदन और बर्मिंघम तथा जर्मनी के म्यूनिख और स्टटगार्ट का दौरा करेंगे। इस दौरान वे उद्योगपतियों और औद्योगिक संगठन के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को वेस्टमिंस्टर स्थित ब्रिटिश संसद और किंग्स क्रॉस तथा पुनर्विकास स्थलों का भ्रमण भी करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव लंदन में %फ्रेंड्स ऑफ मध्यप्रदेश% प्रवासी भारतीयों द्वारा आयोजित रात्रि भोज कार्यक्रम में शामिल होंगे। लगभग 400 प्रवासी भारतीय इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की यह निवेश यात्रा राज्य की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने तथा विश्व पटल पर उद्योग के क्षेत्र में मध्यप्रदेश को पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभाएगी। यह यात्रा निवेशकों के लिए एक सकारात्मक संकेत के रूप में देखी जा रही है, जो प्रदेश में निवेशकों का विश्वास को मजबूती और औद्योगिक विकास को गति प्रदान करेगी। इससे प्रदेश में एक समृद्ध औद्योगिक वातावरण का निर्माण होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश के महानगरों से औद्योगिक निवेश को आमंत्रित करने के लिए उन्होंने कलकत्ता, बेंगलोर, मुम्बई और कोयम्बटूर में रोड शो आयोजित कर उद्योगपतियों से मुलाकात की थी। विदेश यात्रा का उद्देश्य भारतीय निवेशकों के साथ ही विदेशी निवेशकों को आमंत्रित करना भी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मंशा के अनुरूप प्रदेश के युवाओं को उनकी शिक्षा और काबिलियत के अनुसार काम देने के उद्देश्य से हर प्रकार के उद्योगों को स्थापित करना है।

## संविधान से धर्मनिरपेक्ष-समाजवाद शब्द हटाने की मांग वाली याचिकाएं खारिज: सुको

**नई दिल्ली।** संविधान से धर्मनिरपेक्ष और समाजवाद शब्द हटाने की मांग वाली याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। ये याचिकाएं पूर्व राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी, अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन और अन्य के द्वारा दायर की गईं थी। गौरतलब है कि साल 1976 में पारित हुए संविधान संशोधन के तहत धर्मनिरपेक्ष और समाजवाद जैसे शब्दों को जोड़ा गया था। बीते शुक्रवार को ही सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। याचिका को खारिज करते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि इस याचिका पर विस्तार से सुनवाई करने की जरूरत नहीं है। सीजेआई ने कहा कि समाजवाद और धर्मनिरपेक्ष जैसे शब्द 1976 में संविधान संशोधन के जरिए जोड़े गए थे और इनसे 1949 में अपनाए गए संविधान पर कोई फर्क नहीं पड़ता।



बता दें कि 1976 में इंदिरा गांधी सरकार ने 42वें संवैधानिक संशोधन करके संविधान की प्रस्तावना में समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और अखंडता शब्द शामिल किए थे। इस संशोधन के बाद प्रस्तावना में भारत का स्वरूप संप्रभु, लोकतांत्रिक गणराज्य से बदलकर संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य हो गया था। सुनवाई के दौरान अपनी दलील देते हुए याचिकाकर्ता अधिवक्ता विष्णु कुमार जैन ने नौ-न्यायाधीशों की संविधान पीठ के एक हालिया फैसले का हवाला दिया। उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 39(बी) पर 9 जजों की पीठ के फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि उस फैसले में शीर्ष कोर्ट ने समाजवादी शब्द की उस व्याख्या पर असहमति जताई जिसे शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति वी आर कृष्णा अय्यर और ओ चिन्नप्पा रेड्डी ने प्रतिपादित किया था। इस पर सीजेआई खन्ना ने कहा कि भारतीय संदर्भ में हम समझते हैं कि भारत में समाजवाद अन्य देशों से बहुत अलग है। हम समाजवाद का मतलब मुख्य रूप से एक कल्याणकारी राज्य समझते है। कल्याणकारी राज्य में उसे लोगों के कल्याण के लिए खड़ा होना चाहिए और अवसरों की समानता प्रदान करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत ने 1994 के एसआर बोम्मई मामले में धर्मनिरपेक्षता को संविधान की मूल संरचना का हिस्सा माना था। वकील जैन ने आगे तर्क दिया कि संविधान में 1976 का संशोधन लोगों को सुने बिना पारित किया गया था क्योंकि यह आपातकाल के दौरान पारित किया गया था। इन शब्दों को शामिल करने का मतलब लोगों को विशिष्ट विचारधाराओं का पालन करने के लिए मजबूर करना होगा।

## रूस-यूक्रेन और इस्राइल-गाजा संघर्ष पर विदेश मंत्री चिंतित

### बोले- विवादों का समाधान युद्ध नहीं

**रोम।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर रूस-यूक्रेन और इस्राइल-गाजा संघर्ष को लेकर चिंता जाहिर की। इटली के रोम में मेड मेडिटेरेनियन डायलॉग कॉन्फ्रेंस में कहा कि इस वक्त दुनिया में दो बड़े संघर्ष चल रहे हैं। लगातार बढ़ रहे संघर्ष से चिंताएं बढ़ रही हैं। मगर इस युग में विवादों का समाधान युद्ध से संभव नहीं हो सकता। इसलिए हमको संवाद और कूटनीति की ओर लौटना होगा। विदेश मंत्री ने कहा कि मैं आज दुनिया भर में चल रहे संघर्षों पर बात करुंगा। उन्होंने कहा कि हम सभी मानते हैं कि दुनिया गंभीर तनाव का सामना कर रही है। दो बड़े संघर्ष चल रहे हैं। आपूर्ति श्रृंखला असुरक्षित है,




कनेक्टिविटी विशेष रूप से समुद्री मार्ग बाधित हैं। जलवायु परिवर्तन हो रहा है। इसे पहले कोविड महामारी ने गहरे घाव छोड़े हैं। उन्होंने कहा कि यहां अब तक जो कुछ हुआ है और जो भी होने वाला उसे देखते हुए मध्य पूर्व की स्थिति बेहद चिंताजनक है। एस जयशंकर ने कहा कि भारत आतंकवाद और बंधक बनाने की निंदा करता है। सैन्य अभियानों में बड़े पैमाने पर नागरिकों की मौत अस्वीकार्य है। अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इसलिए हम सभी को युद्ध विराम का समर्थन करना चाहिए। जरूरी है कि फलस्तीन लोगों के भविष्य को लेकर पहल की जाए। भारत हमेशा से दोनों देशों के बीच समाधान कराने का पक्षधर रहा है। मगर बढ़ते संघर्ष से हमारी चिंताएं भी बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि हम लगातार उच्चतम स्तर पर संयम बरतने और संचार को बढ़ाने के लिए इस्राइल और ईरान दोनों के संपर्क में हैं।

## वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की स्प्रिंग टूटी, मेंटेनेंस में लगा 17 घंटे, यात्रियों ने किया जम कर हंगामा

**भोपाल।** वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन जब से शुरू हुई आए दिन कोई ना कोई परेशानी आ रही है। यात्री ज्यादा किराया दे कर भी सुलभता से यात्रा नहीं कर पा रहे हैं। अब भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस की स्प्रिंग टूट जाने से यात्रियों को 10 घंटे तक इंतजार करना पड़ा। इस दौरान यात्रियों ने जम कर हंगामा किया। यात्री हंगामा करते रहे और स्टेशन मास्टर अपने रूम में ही नहीं निकले। सबको पता था कि यात्री परेशान होंगे लेकिन उन्होंने समझने और संभालने के लिए रेलवे स्टेशन पर कोई नहीं था।

## 2021 से देश में 71 बाघों की मौत अप्राकृतिक कारणों से हुई, सरकार ने लोकसभा में दी जानकारी

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को लोकसभा और राज्यसभा में जबरदस्त हंगामा हुआ। दोनों ही सदनों में अमेरिका में अदाणी के खिलाफ लगे आरोपों और यूपी के संभल में हुई हिंसा को लेकर चर्चा की मांग की गई। इस दौरान विपक्षी सांसदों ने जमकर हंगामा किया। आखिरकार दोनों ही सदनों को बुधवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया।



बताया गया है कि राज्यसभा में विपक्ष ने मणिपुर हिंसा और केरल के वायनाड में आई आपदा को लेकर भी स्थगन प्रस्ताव दिए थे। हालांकि, इन मुद्दों पर चर्चा नहीं हो पाई। इस बीच विपक्षी सांसदों ने भाजपा को संभल हिंसा के मुद्दे पर घेरा। समाजवादी पार्टी के सांसद धर्मेंद्र यादव और कुछ अन्य पार्टी सदस्यों ने इस दौरान जोर शोर से अपनी बात रखने की कोशिश की। इस दौरान सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव भी खड़े दिखाई दिए। अन्य विपक्षी दलों के सदस्य भी विभिन्न मुद्दों को उठाने का प्रयास कर रहे थे। विपक्ष के हंगामे के कारण दोनों ही सदनों में शून्यकाल एवं प्रश्नकाल नहीं हो पाए।

राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के जॉन ब्रिटास, कांग्रेस के नीरज डांगी, प्रमोद तिवारी और अखिलेश प्रसाद सिंह और आम आदमी पार्टी के संजय सिंह समेत कई सदस्यों ने अदाणी समूह के खिलाफ अमेरिकी अभियोजकों के रिश्वतखोरी के आरोपों पर चर्चा की मांग को लेकर नोटिस दिए। आम आदमी पार्टी के राघव चड्ढा सहित विपक्ष के कुछ अन्य सदस्यों ने मणिपुर में हिंसा और उत्तर प्रदेश के संभल में हुई हिंसा के मुद्दे पर नोटिस दिए थे।

## रियल स्टेट में 500 करोड़ की धोखाधड़ी, ईडी ने दिल्ली-एनसीआर में 12 ठिकानों पर मारा छापा

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 500 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी के मामले में कुछ रियल एस्टेट कंपनियों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत सोमवार को दिल्ली-एनसीआर में लगभग 12 जगहों पर छापेमारी की। सूत्रों के मुताबिक, यह छापेमारी ऑरिस इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड, ग्रीनबे इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड और श्री सी शेल्टर प्राइवेट लिमिटेड जैसी कंपनियों और उनके प्रमोटरों विजय गुप्ता, अमित गुप्ता, सरदार निर्मल सिंह और कुछ अन्य निदेशकों के ठिकानों पर की गई।

## केजरीवाल का तोहफा, दिल्ली में फिर शुरू हुई बुजुर्गों की पेंशन

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने चुनाव से पहले हजारों बुजुर्गों को बड़ा तोहफा दिया है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजन अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के लाखों बुजुर्गों को पेंशन मिलेगी। आज दिल्ली सरकार की और से दिल्ली में 80,000 वृद्धा पेंशन खोली जा रही है। दिल्ली में बुजुर्गों की पेंशन हमने फिर से शुरू करा दी है। अब सब रूके हुए काम फिर से शुरू कराएंगे। दिल्ली में बुजुर्गों की पेंशन हमने फिर से शुरू करा दी है। अब सब रूके हुए काम फिर से शुरू कराएँगे। एक्स पर पोस्ट करते हुए आम आदमी पार्टी ने लिखा कि बुजुर्गों को उनके बेटे अरविंद केजरीवाल ने तोहफा दिया है। अब दिल्ली के पांच लाख 30 हजार से ज्यादा बुजुर्गों को 2500 रुपये तक की पेंशन मिलेगी। दिल्ली के पूर्व सीएम और राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज हम दिल्ली के बुजुर्गों के लिए एक अच्छी खबर लाए हैं। 80 हजार बुजुर्ग पेंशन खुल रही हैं।

## शिवसेना यूबीटी विधायक दल के नेता चुने गए आदित्य ठाकरे

### विधानसभा में पार्टी नेता बने भास्कर जाधव

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद राज्य में एकतरफ जहां महायुति फिर से सरकार बनाने में जुट गई है, वहीं विपक्ष में मौजूद महा विकास अघाड़ी की घटक दल शिवसेना (उद्धव बालासाहब ठाकरे) ने अपने जीते विधायकों के साथ बैठक कर विधायक दल का नेता, विधानसभा में पार्टी के नेता और मुख्य सचेतक का चुनाव किया है। शिवसेना (यूबीटी) की आज हुई बैठक पर पार्टी नेता अंबादास दानवे ने कहा कि, बैठक में भास्कर जाधव को विधानसभा में पार्टी का नेता और





सुनील प्रभु को मुख्य सचेतक चुना गया। आदित्य ठाकरे को शिवसेना (यूबीटी) विधायक दल का नेता चुना गया। राज्य में हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला महायुति और महा विकास अघाड़ी गठबंधनों के बीच था। जिसमें महायुति ने बाजी मारते हुए 288 विधानसभा सीटों में से 230 सीटों पर जीत हासिल की है। इसमें भाजपा ने अकेले 132 सीट, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने 57 और अजित पवार गुट की एनसीपी ने 41 सीटों पर जीत हासिल की है। महायुति गठबंधन के तीनों घटक दल भाजपा, शिवसेना और एनसीपी क्रमश: राज्य की शीर्ष तीन पार्टियां हैं। वहीं इसके उलट महा विकास अघाड़ी को 288 सीटों में से मात्र 46 सीटें ही हासिल की है। इसमें उद्धव ठाकरे की शिवसेना यूबीटी ने 20 सीट, कांग्रेस ने 16 और शरद पवार की एनसीपी-एसपी ने सिर्फ 10 ही सीटें विधानसभा चुनाव में जीती है।

## पूरे एनसीआर में दिल्ली की हवा सबसे खराब, आंखों में जलन, सांस लेना हुआ दूभर

**नई दिल्ली।** राजधानी में मौसमी दशाओं के बदलने से हवा बेहद खराब श्रेणी में बरकरार है। दो दिन से मिल रही स्मॉग से राहत थम गई है। ऐसे में सोमवार को स्मॉग की चादर छाई रही। इससे लोगों को सांस लेने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 349 दर्ज किया गया। इसमें रविवार की तुलना में 22 सूचकांक की वृद्धि हुई है। वहीं, एनसीआर में दिल्ली की हवा सबसे खराब श्रेणी में रही। ऐसे में कुछ इलाकों में हवा गंभीर के साथ आनंद विहार, शादीपुर समेत 30 इलाकों में वायु गुणवत्ता बेहद खराब रही।

सोमवार को सुबह से ही स्मॉग की चादर छाई रही। ऐसे में वाहन चालकों को अधिक परेशानी का सामना पड़ा। इससे लोगों ने आंखों में जलन महसूस की। हवा की गति कम होने से वायु गुणवत्ता बेहद खराब रही।

## छात्र संघ चुनाव के नतीजे घोषित, अध्यक्ष-संयुक्त सचिव पर एनएसयूआई तो उपाध्यक्ष-सचिव पद पर एबीवीपी की जीत

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनाव के लिए मतगणना संपन्न हो चुके हैं। इस बार अध्यक्ष पद और संयुक्त सचिव पद पर एनएसयूआई ने बाजी मारी है। वहीं एबीवीपी के हिस्से उपाध्यक्ष और सचिव पद आया। मतगणना की निगरानी के लिए 14 सीसीटीवी कैमरे और 8 वीडियो कैमरे लगाए गए। डूसू चुनाव के लिए 27 सितंबर को मतदान हुआ था, जिसमें 145,893 मतदाताओं में से 51,300 छात्रों ने अपने मत का प्रयोग किया था। कॉलेजों में प्रतिनिधियों के परिणाम रविवार को घोषित किए गए। मतगणना के लिए सुबह सात बजे सभी उम्मीदवारों की मौजूदगी में परीक्षा विभाग के स्ट्रांग रूम खोले गए थे। इसके बाद 500 ईवीएम को कॉन्फ्रेंस सेंटर लाया गया।

## किसी भी सामान की माप-तौल हुई गलत तो दुकानदार पर लगेगा दोगुना जुर्माना

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सामान का माप-तौल गलत हुआ या फिर कोई दुकानदार ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी करने का प्रयास करता है तो अब उस पर दोगुना जुर्माना लगेगा। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली विधिक माप विज्ञान (प्रवर्तन) नियम, 2011 में संशोधन को मंजूरी दी है। इसकी मदद से खुदरा विक्रेताओं, थोक विक्रेताओं और निर्माताओं की गड़बड़ियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सकेगी। इसकी मदद से आम उपभोक्ता को धोखाधड़ी और ठगी से बचाएगा जा सकेगा। ये संशोधन, जन विश्वास अधिनियम 2023 के तहत केंद्र सरकार के हाल ही में पेश किए गए परिवर्तनों के अनुरूप हैं। इनका उद्देश्य उपभोक्ता संरक्षण को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाना और निष्पक्ष बाजार प्रथाओं को सुनिश्चित करना है। स्वीकृत संशोधनों में गैर-मानक वजन, माप के उपयोगकर्ताओं और निर्माताओं पर जुर्माना बढ़ाने के लिए दिल्ली विधिक माप विज्ञान (प्रवर्तन) संशोधन नियम, 2011 की अनुसूची 11 में परिवर्तन शामिल हैं। अमानक बाट या माप के उपयोग पर जुर्माना खुदरा विक्रेता के लिए 2500 रुपये से बढ़ाकर 5000 रुपये, थोक विक्रेता के लिए 10,000 रुपये तथा पेट्रोलियम उद्योग/पेट्रोल पंप के लिए 50,000 रुपये किया जाएगा।

अमानक बाट या माप के निर्माण पर जुर्माना 2000 रुपये से बढ़ाकर 1,00,000 रुपये किया जाएगा।

## पीड़ित जनों के लिए आरोग्य भारती का सेवा भाव अनुकरणीय : राज्यपाल

**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि पीड़ित जनों के लिए आरोग्य भारती का सेवा भाव अनुकरणीय है। फिजियोथैरेपी से जुड़े विद्यार्थी और सेवार्थी आरोग्य भारती के सेवा भावी कार्यों से प्रेरणा ले। गरीब, वंचित और पीड़ितों की सेवा के लिए हमेशा सक्रिय सहभागिता करें। राज्यपाल श्री पटेल रवीन्द्र भवन भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय फिजियोथैरेपी कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।



राज्यपाल राष्ट्रीय फिजियोथैरेपी कार्यक्रम में हुए शामिल

राज्यपाल श्री पटेल ने फिजियोथैरेपी से जुड़े विशेषज्ञ और चिकित्सकों से कहा कि सिकल सेल एनीमिया के उपचार और शोध में फिजियोथैरेपी के उपयोग और संभावना पर मंथन करे। उन्होंने कहा कि शरीर और मन की तंदुरूस्ती के लिए युवा स्वस्थ जीवन शैली अपनाएं। पौष्टिक खान-पान, नियमित योग, व्यायाम, भरपूर पानी और नींद को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनायें।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि हम सभी खराब खान-पान और अनियमित जीवनशैली से स्वास्थ्य में गिरावट, परेशानी और कष्ट का अनुभव करते हैं। ऐसे समय में फिजियोथैरेपी के माध्यम से बिना किसी दवा, मरहम और सर्जरी के संपूर्ण स्वास्थ्य को समग्र रूप से ठीक किया जाना सम्भव है। उन्होंने कहा कि फिजिकल थैरेपी, व्यक्ति की जीवन चर्या, खान-पान और शरीर की प्रभावी देखभाल से चमत्कारी परिणाम दे सकती है।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के सबके लिए स्वास्थ्य के लक्ष्य को प्राप्त करने में फिजियोथैरेपी का प्रसार महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। इसके लिए जरूरी है कि फिजियोथैरेपी पद्धति का प्रभावी अभिलेखन हो। शोध और अनुसंधान के प्रयासों को और अधिक प्रोत्साहन दिया जाए। उन्होंने कहा कि फिजियोथैरेपी चिकित्सा प्रणाली तक वंचित और गरीब जन की पहुंच बढ़ाने के प्रयासों में आरोग्य भारती जैसी संस्थाएं समाज का नेतृत्व कर सकती हैं। उन्होंने देशभर में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के प्रचार और सहयोग प्रयासों के लिए संस्था की सराहना की।

राज्यपाल श्री पटेल ने कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान धनवन्तरी और भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। श्री पटेल का आरोग्य भारती संस्था भोपाल के कार्यकारी अध्यक्ष ने श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। राष्ट्रीय फिजियोथैरेपी कार्यक्रम में स्वागत भाषण डॉ. अभिजीत देशमुख ने दिया। आरोग्य भारती के राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ. अशोक कुमार वार्ष्णेय ने संस्था के कार्यों और प्रयासों की विस्तार से जानकारी दी। राज्य निजी विश्वविद्यालय विनिमायक आयोग के अध्यक्ष डॉ. भरत शरण सिंह और चिरायु मेडिकल यूनिवर्सिटी के चेयरमैन डॉ. अजय गोयनका ने अपने विचार रखे।

# हंगामेदार रही परिषद की बैठक

## परिषद में शॉपिंग प्लाजा टूटने या फिर बनने पर नहीं बन पा रही सहमति

**पार्षदों ने ठेकेदारों पर निर्माण स्थल पर प्राक्कलन बोर्ड नहीं लगाने का लगाया आरोप**

सिंगरौली

नगर निगम परिषद की बैठक सोमवार को अध्यक्ष देवेश पांडे की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में पार्षदों द्वारा पूछे गए प्रश्नों पर विस्तार से चर्चा की गई। वहीं परिषद में शॉपिंग प्लाजा के टूटने या फिर बनने पर सहमत नहीं बनते दिख रही है। पार्षदों ने नगर निगम प्रशासन पर दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि नगर निगम प्रशासन शिवाजी कांप्लेक्स के व्यवसायों को विस्थापित मान रहे हैं लेकिन शॉपिंग कांप्लेक्स व्यापारियों को नहीं यह गलत है। एक ही तरह के मामले में दो तरह के मापदंड किसी भी तरह से सही नहीं है।

गौरतलब है कि परिषद बैठक में पार्षदों ने नगर निगम प्रशासन पर दोहरा मापदंड लगाने के आरोप लगाते हुए कहा कि प्रशासन एक तरफ शिवाजी कांप्लेक्स को तोडकर




व्यावसायिक प्लाजा बनाते हुए वहां के व्यवसाईयों को विस्थापित मानते हुए बसाने की बात कर रहा है , वहीं दूसरी तरफ म हज 12 साल में गनियारी शॉपिंग प्लाजा जर्जर हालत में पहुंच गया। जर्जर भवन बनाने के जिम्मेदार नगर निगम प्रशासन भरी बरसात में व्यवसायियों का कारोबार बंद करा दिया। उस दौरान सदर विधायक रामनिवास शाह की मौजूदगी में महापौर, कलेक्टर,नगर निगम अध्यक्ष, जिला प्रशासन सहित नगर निगम कमिश्नर ने व्यापारियों को आश्वासन दिया था कि जल्द ही उन्हें दूसरी जगह दुकान बनाकर स्विफ्ट कराया जाएगा लेकिन दो बार परिषद की बैठक हो चुकी है लेकिन अभी तक परिषद किसी भी नतीजे पर नहीं पहुंची यह निंदनीय हैं। आम सहित खास लोग जनप्रतिनिधियों से सवाल करते हैं। पार्षदों ने मांग करते हुए कहा कि एक निश्चित समय अवधि निर्धारित की जाए ताकि समय पर काम पूरा हो सके।

### गड़बड़ी छिपाने निर्माण स्थल पर नहीं लगाते प्राक्कलन बोड

पार्षद भारतेंदु पांडे ने नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में हो रहे निर्माणकार्यों में अनियमितता का आरोप लगाते हुए कहा कि कहीं भी निर्माण कार्य हो रहा है लेकिन ठेकेदार अपनी गड़बड़ी छुपाने के लिए निर्माण स्थल पर प्राक्कलन बोर्ड नहीं लगाते। ऐसे में पार्षद सहित आम आदमी को यह नहीं पता चल पाता कि यह काम किसी ठेकेदार के द्वारा कराया गया है। इस काम का समय अवधि क्या है और इसकी लागत कितनी है। जबकि पूर्व कमिश्नर ने आदेश जारी कर सभी निर्माण कार्यों में प्राक्कलन बोर्ड लगाने के लिए निर्देश दिए थे। साथ ही उसमें नगर निगम के अधिकारियों सहित ठेकेदार का नामए काम की लागत और गारंटी पीरियड का स्पष्ट उल्लेख करने के निर्देश दिए थे। लेकिन नगर निगम में कहीं भी प्राक्कलन बोर्ड नहीं है इससे यह साबित होता है कि नगर निगम के ठेकेदार गड़बड़ी कर रहे हैं।

### रांची बस्ती में नहीं पहुंचा अमृत जल योजना

वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद शेखर सिंह ने महापौर और नगर निगम अध्यक्ष से रांची बस्ती में पेयजल उपलब्ध करने की मांग करते हुए बताया कि अभी तक इस बस्ती में गंदा पानी पीने की वजह से दो तीन लोगों की मौत हो चुकी है। यहां शौचालय नहीं होने से लोग खुले में शौच कर रहे हैं। श्री सिंह का समर्थन बार्ड पार्षद अनारकली ने करते हुए कहा कि पेयजल नहीं होने से बार्ड के लोगों को गंदा पानी पीना मजबूरी है। जवाब में नगर निगम कमिश्नर ने भी माना कि वहां अब तक अमृत पेयजल नहीं पहुंच पाया है जल्द ही वहां स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

### खुले में फेंके जा रहे मृत जानवर

पार्षद अनिल कुमार बैस ने सफाई का काम कर रही सीटाडिटेल कंपनी पर आरोप लगाते हुए कहा कि मृत जानवरों का सही डिस्पोजल नहीं हो रहा है। सिटाडेल कंपनी मृत जानवरों को सुनसान जगह में खुले में फेंक रहा है। हवा चलते ही आसपास के क्षेत्र में दुर्गंध फैल जाती है। लोगों का जीना दुश्वार हो चुका है। जबकि स्वच्छता के नाम पर नगर निगम करोड़ों रुपए पानी की तरह बहा रही है। लेकिन मृत जानवरों का सही डिस्पोजल नहीं हो रहा है।

# क्या दौलत के दौड़ में जिला प्रशासन व जनप्रतिनिधि: ज्ञानेंद्र

## आए दिन हो रहे सड़क हादसों को लेकर गंभीर नही हैं जिम्मेदार



**सिंगरौली।** खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के साथ ही सिंगरौली जिला अवैध कारोबार का बाजार और आम जिंदगी उस बाजार का खिलौना बनकर रह गई है । शायद ही कोई ऐसा दिन हो जिस दिन सिंगरौली जिले में सडक् हादसे में कोई मृत्यु नहीं होती हो लेकिन दौलत के दौड़ में दृष्टिहीन हो चुके सुरक्षा के सरदार और जिले के जनप्रतिनिधियों के पास उनके दुख दर्द सुनने की भी फुर्सत नहीं है। प्रदेश सरकार से अपेक्षा है कि सिंगरौली के सर्वश्रेष्ठ अवैध कारोबार संचालकों को गोल्ड मेडल और जनप्रतिनिधियों को चुल्लू भर जल से पुरस्कृत करने की व्यवस्था अवश्य करें।

जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली ग्रामीण अध्यक्ष ज्ञानेंद्र द्विवेदी ने अपने एक प्रेस वक्तव्य में कहा है कि सिंगरौली जिला में अवैध कारोबार में अपार दौलत के भंडार ने सिंगरौली जिले के प्रशासन को मौन, पुलिस को सहयोगी,जनप्रतिनिधियों को दृष्टिहीन और आम जन को अपार साहसी बना दिया है। प्रतिदिन औद्योगिक कंपनियों और सडक् पर लोग दुर्घटना में जान गवा रहे हैं लेकिन उनका दुख दर्द सुनाने की भी किसी को फुर्सत नहीं है। रविवार 24 नवंबर को निवास में एक अवैध रेत परिवहन के तेज गति हाईवे के पहियों तले एक 16 वर्षीय युवक सौरभ जायसवाल को पीस दिया गया। जिस पर लोगों का आक्रोश सडक् पर दिखा और आज दूसरे दिन अंतिम संस्कार हो सका है । जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के लिए यह मात्र एक दुर्घटना है लेकिन वह पिता जो अपने उस इकलौते पुत्र के भविष्य और रोटी की व्यवस्था के लिए दूर देश में मजदूरी कर रहा था। जिले में हो रहे खनिज के अवैध उत्खनन ,परिवहन और हो रही सडक् दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा कोई कारगर कार्यवाही नहीं करना और दुर्घटना होने पर जिला प्रशासन द्वारा सिर्फ आश्वासन,पुलिस द्वारा समझौता और जनप्रतिनिधियों का घटनास्थल से नदारत रहकर ही समाधान किया जा रहा है यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

# बिजली कटौती व राशन दुकान संचालक की मनमानी को लेकर धरने पर बैठे ग्रामीण

## निवास सर्किल के नायब तहसालदार को सौंपा ज्ञापन

**सिंगरौली।** अजजा मोर्चा जिला सिंगरौली के बैनर तले सोमवार को सैकड़ो की संख्या में आदिवासी समाज के लोग बिजली कटौती और राशन दुकान संचालक की मनमानी को लेकर धरना पर बैठ गए है। बताया जा रहा है कि आदिवासी समाज की सैकड़ो पुरूष व महिलाएं सुबह से भूखे प्यासे अपनी मांगो को लेकर धरने पर बैठे रहे। जहां शाम को निवास सर्किल के नायब तहसीलदार धरने पर पहुंचे। तब ज्ञापन सौंपा गया। धरने पर बैठे लोगों की मांगे है कि शासकीय उचित मूल्य दुकान महुली में खाद्यान्न वितरण प्रणाली को समुचित एंव नियमित रुप से संचालित कराया जाए तथा धौहनी के दुकानदार अश्वनी कुमार साहू को महुली का प्रभार दिया जाए। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित बरका क्षेत्र में आने वाले किसानो की रबी फसल की खाद्य अथवा बीज डीएपी यूरिया अतिशीघ्र वितरण कराएं। एवं डालीपीपर स्कूल के पास 25 केव्ही जले ट्रांसफार्मर बदलकर 63 केव्ही का लगवाएं समेत अन्य मांगे शामिल हैं। महुली खेल मैदान में सुबह से धरना प्रदर्शन पर बैठे लोग अनुसूचित जनजाति के पूर्व जिलाध्यक्ष सीपी सिंह ने बताया हमारी मांगे जब तक पूरी नहीं होती हम अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे रहेंगे। शासन प्रशासन को इसकी जानकारी पूर्व में ही दे दी गई थी।

# गुमशुदा महिला का झाड़ी में मिला शव

**सर व चेहरे पर गम्भीर चोट के मिले निशान, जांच में जुटी पुलिस**

**सिंगरौली।** रविवार देर रात मोरवा थाना क्षेत्र के परेवा नाला के समीप झाडियों में अज्ञात महिला का छत विछत शव मिलने से सनसनी फैल गई। देर रात की घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त का हर संभव प्रयास किया और सोमवार दोपहर महिला की शिनाख्त महदइया निवासी रीता विश्कर्मा के रूप में हुई। जो 20 नवंबर को घर से गायब हुई थी। महिला के सिर में गंभीर वार कर उसकी हत्या कर दी गई थी। पुलिस इस मामले में हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार रविवार की रात्रि में मोरवा थाना अंतर्गत परेवा नाला से कुछ दूर रेलवे ट्रैक के पुल के बीच ट्रेक से करीबन 30 मीटर दूर जगमोरवा के पास महुआ के पेड़ के पास झाडियां के बीच में एक अज्ञात महिला उम्र करीबन 35 वर्ष की लाश मिलने की सूचना मिलने



पर मोरवा व गोरबी पुलिस रात्रि में ही मौके पर पहुंचकर एवं शव सुरक्षा लगाई जाकर अज्ञात मृतका के शव की पहचान कराई गई। जिसकी पहचान आज रीता कुमारी विश्वकर्मा पति बृजेंद्र कुमार विश्वकर्मा करीबन 35 वर्ष निवासी महदइया गोरबी के रूप में की गई है। मृतिका के पति बृजेंद्र कुमार विश्वकर्मा ने 22 नवंबर को मोरवा थाना में तहरीर देकर बताया था कि 20 नवंबर को घर से जाने बाद वापस नहीं लौटी है। गुमशुदा महिला के संबंध में मोरवा थाने में गुम इंसान मामला दर्ज किया था। गुमशुदा महिला का शव मिलने पर शव की पहचान परिजनों से कराने के बाद शव पंचनामा कर जिला चिकित्सालय में पोस्टमार्टम कराया गया। मृतिका की पीएम रिपोर्ट में हेड इंजरी की चोट से मृत्यु होना लेख किया गया है। उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में मोरवा थाना प्रभारी कपूर त्रिपाठी, उप निरीक्षक भिपेंद्र पाठक एवं एनपी तिवारी दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में महिला के किसी अन्य व्यक्ति के साथ संबंध होने की आशंका पर संबंधित संदेहास्पद व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। फिलहाल मोरवा पुलिस इस मामले को गंभीरता से लेकर जांच कर रही है।

# ट्रेलर ने बाइक सवार को रौंदा, दो युवकों की दर्दनाक मौत

## खुटार चौकी क्षेत्र की घटना, सडक़ पर लगा जाम

**सिंगरौली।** सिंगरौली जिले की सडकों पर बेखौफ दौड़ रहे दैत्याकार ट्रेलरों से हो रही दुर्घटनाएं रूकने का नाम नहीं ले रही हैं। कब किसके घर का चिराग बुझ जाये कुछ कहा नहीं जा सकता। कोतवाली थाना क्षेत्र के खुटार चौकी अंतर्गत नौगई गड़हरा मार्ग पर बरगवां की ओर से आ रहे एक कोयला वाहक ट्रेलर ने सडक् पर चल रहे बाइक सवार को रौंद दिया। दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी की मौके पर दोनों युवकों की मौत हो गयी। आक्रोशित परिजनों की भीड़ ने सडक् पर जाम लगा दिया और लोगों की भारी भीड़ मौके पर एकत्रित हो गयी। सूचना पर पहुंची कोतवाली सहित जिले की पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया है और लोगों को जाम खुलवाने की समझाइस दे रही है। मिली जानकारी के अनुसार बरगवां सिंगरौली मुख्य मार्ग पर सडक् हादसा हुआ है। सडक् हादसे में रामजनम पिता अंजनी साकेत व रवी साकेत पिता शिव प्रताप साकेत निवासी गस्सा की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बरगवां तरफ से एक निजी कंपनी का सामान लेकर ट्रेलर विन्ध्यनगर तरफ जा रहा था। वहीं बैढऩ से दोनों बाइक सवार युवक अपने गांव गस्सा जा रहे थे। आमने-सामने से हुई टक्कर में दोनों बाइक सवारों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। ट्रेलर खंबे लोड करके तेज रफ्तार से विंध्यनगर जा रहा था। हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने सडक् जाम कर दिवंगत युवक के आश्रित को मुआवजा राशि दिलाने की मांग करने लगे। मौके पर कोतवाली प्रभारी, खुटार चौकी प्रभारी सहित भारी संख्या में पुलिस बल ने मोर्चा संभाल लिया।

# मानसी महिला मंडल ने हिंडालको महान में आयोजित किया फन फेयर

**सिंगरौली।** हिंडालको महान में हर वर्ष की तरह इस बार भी मानसी महिला मंडल द्वारा फन फेयर का आयोजन किया गया। इस मेले का उद्देश्य सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को मुख्यधारा से जोड़ना है। कार्यक्रम में कंपनी के कर्मचारियों ने फुड स्टॉल और फन गेम्स के साथ हिस्सा लिया। वहीं विभाग से जुड़े स्वयं सहायता समूहों ने भी अपने उत्पादों के स्टॉल लगाए। मेले में भाग्यशाली कूपन विजेताओं को उपहार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का उद्घाटन हिंडालको महान के इकाई प्रमुख एस. सेन्थिलनाथ,मानव संसाधन प्रमुख डॉ. विवेकानंद मिश्रा और स्मेल्टर हेड एस.शशि कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर और फीता काटकर किया। इस बार मेले में कई स्टॉल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम के समापन पर मानसी महिला मंडल की सदस्या श्रद्धा मिश्रा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस आयोजन को सफल बनाने में मानसी महिला मंडल की सचिव चैताली सरकार, कोषाध्यक्ष महुआ मित्रा, संयुक्त सचिव पूनम दास,और सदस्याओं रश्मि सक्सेना, सुमन सिंह, मधुबाला गुप्ता,रीति पटनायक और मृदुला द्विवेदी का विशेष योगदान रहा।


कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव,म.प्र. शासन राजस्व विभाग जिला–सीधी

भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा–19 की उपधारा–4 एवं 7

क्रमांक 942 /भू–अर्जन–2024, सीधी, दिनांक 16/10/2024

अधिसूचना

चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान होने से कि नीचे दी गयी अनुसूची के पद (1) में वर्णित ग्रामों की भूमि की अनुसूची के प्रद (5) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता होने से इन ग्रामों की धारा–11 का प्रकाशन दिनांक 03.08.2023 को किया जा चुका है। वर्तमान में यह तथ्य संज्ञान में आया है कि धारा–11 के पश्चात् धारा–19 की कार्यवाही नही हो सका है, क्योंकि कार्यपालन यंत्री, म.प्र. लोक निर्माण विभाग (भ./स.) सीधी संभाग सीधी (म0प्र0) के द्वारा प्रस्तुत किये गये अर्जन के मूल प्रस्ताव क्रमांक 1066/तक./2022–23 सीधी दिनांक 10.03.2023 में ग्राम सीधीकला की भूमि अर्जन का 1.331 हे0 का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था, जिसमें पश्चात् में 1.331 हे0 का अर्जन प्रस्ताव धारा–11 हेतु प्रस्तुत किया गया है। इस प्रकार स्पष्ट है कि धारा–19 हेतु इस कार्यालय के आदेश क्रमांक 2424/भू–अर्जन/2023 दिनांक 21.12.2023 द्वारा अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग सीधी, अनुविभागीय अधिकारी पी.एच.ई. सीधी, अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकीय विभाग सीधी, वन परिक्षेत्राधिकारी सीधी, उप संचालक उद्यानिकी विभाग सीधी एवं हल्का पटवारी को भूमियों पर स्थित परिसम्पत्तियों के एलायमेंट के आधार पर भौतिक रुप से धारा–19 की कार्यवाही हेतु दल का गठन किया गया, किन्तु अभी तक परिसम्पत्तियों के संबंध में जॉचकर प्रतिवेदन प्रस्तुत न होने एवं इसी दौरान विधानसभा निर्वाचन तथा लोक सभा निर्वाचन होने से विलम्ब एवं देरी हुई है। अतः समयावधि में एलायमेंट की समस्या के कारण 06 माह की वृद्धि किया जाना उचित प्रतीत होता है। म.प्र. शासन की अधिसूचना क्रमांक एफ 16–15–(1)–2014–सात–शा, 2ए दिनांक 29 सितम्बर 2014 – भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (2013 का 30) की धारा 3 के खण्ड (ड) के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग मे लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, यह अधिसूचित करती है कि किसी जिले में, दस हजार हेक्टेयर से अनधिक किसी क्षेत्र के लिए, किसी लोक प्रयोजन के संबंध में, इस अधिनियम के प्रयोजन हेतु कलेक्टर को समुचित सरकार समझा जाएगा। (म0प्र0 राजपत्र भाग 1 दिनांक 03.10.2014 पृष्ठ 2893 पर प्रकाशित) उक्त वर्णित अधिसूचना में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एवं उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास द्वारा प्रेषित पूर्व पत्र क्रमांक 219/एस.डी.ओ./2018 सीधी दिनांक 24 फरवरी 2018 एवं प्रस्ताव के अनुक्रम में भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा–19 की उपधारा (7) के प्रथम एवं द्वितीय परन्तुक एवं धारा–25 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, इस अधिसूचना के माध्यम से वर्णित ग्रामों की धारा–19 की उपधारा (4) की समयावधि में छः माह की वृद्धि की जाती है। अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा–19 के परन्तुक अन्तर्गत इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि उक्त सीधी जिले की तहसील गोपद बनास की वर्णित भूमि की समयावधि निम्नानुसार बढायी जाती है :–

(1) भूमि का वर्णन :–

| क्र. | ग्राम का नाम | निजी भूमि रकबा (क्षेत्रफल लगभग) | धारा–11 के जारी होने का दिनांक | धारा–19 को 01 वर्ष पूर्ण होने का दिनांक | धारा–19 की समयावधि में की गयी वृद्धि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सीधीकला | 1.331 | 03-08-2023 | 03-08-2024 | धारा–19 की उपधारा 4 की अधिसूचना में 06 माह की वृद्धि की जाती है। |

2. सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है – विजयपुर बाईपास सडक मार्ग के निर्माण हेतु।
3. सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए भू–अर्जन कार्यालय कलेक्टर सीधी एवं उपखण्ड अधिकारी गोपदबनास, जिला सीधी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

मप्र के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

( स्वरोचिष सोमवंशी )
कलेक्टर एवं पदेन
उप सचिव म.प्र. शासन
राजस्व विभाग

जी-19480/24


# छलांग परियोजना के तहत खेल मेले का आयोजन



**सिंगरौली।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झगरौहा शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय नवानगर में खेल मेला आयोजित किया गया। दानी स्पोर्ट्स फाउंडेशन एवं पीरामल फाउंडेशन के सहयोग रामचंद्र सेवा समिति विकासखंड चितरंगी के 50 शासकीय माध्यमिक विद्यालय में शारीरिक साक्षरता एवं शारीरिक शिक्षा, जीवन कौशल को लेकर विगत एक वर्ष से कार्य निरंतर करिकुलम को संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य भागवत सिंह प्रोजेक्ट छलांग के प्रोग्राम मैनेजर रजनीश साहू की उपस्थिति में किया। मेले में छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं शिक्षकों की भागीदारी रही । जिसमें विभिन्न प्रकार के मनोरंजक गतिविधियां खो-खो, कबड्डी, दौड़,बैलून इन द सर्कल, पास द बैलून, खजाना चुराना, म्यूजिकल चेयर रेस आदि में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्राचार्य द्वारा विजेता टीम को पुरस्कृत किया गया ।

प्रोजेक्ट छलांग लगातार जिला प्रशासन के जिला शिक्षा अधिकारी एस बी सिंह,डीपीसी अजय शर्मा और उपखंड प्रशासन के जनपद पंचायत चितरंगी के सीईओ ऋषि नारायण सिंह, विकास खंड शिक्षा अधिकारी एम एल सिंह,बीआरसीसी संजय मिश्रा के दिशा निर्देशन में खेल मेला का आयोजन किया जा रहा है।

# दूसरे दिन बच्ची प्रेरणा मुण्डा का मिला गोपद नदी में शव

## एसडीआरएफ की टीम लगी थी सर्च ऑपरेशन में, परिवार में पसरा मातम

सिंगरौली

पिकनिक मनाने गये बेटी प्रेरणा सहित एक चिकित्सक के नदी में डूब जाने से एनसीएल नेहरू चिकित्सालय जयंत में शोक व्याप्त है। कड़ी मसक्कत के बाद एसडीआरएफ एवं स्थानीय गोताखोर तथा लंघाडोल पुलिस ने घटना के दूसरे आज दिन सोमवार की सुबह 10 बजे नदी में उतराता हुआ शव मिला है। वही मृतक चिकित्सक डॉ. हरीश सिंह को शोक श्रद्धांजलि देने वालो का उनके आवास में तांता लगा हुआ था। नम आँखों के साथ उनके पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए रवाना किया गया। वही प्रेरणा मुण्डा के शव को उसके माता.पिता रोते-बिलखते हुये अंतिम संस्कार के लिए पार्थिव शरीर को झारखण्ड प्रांत के जमशेदपुर के लिए रवाना हुये। इस दौरान पूरा माहौल गमगीन हो गया था।

ज्ञात हो कि रविवार को नेहरू चिकित्सालय के तीन चिकित्सक एवं एनसीएल बिजलेंस टीम के दो अधिकारी अपने परिवार जनों के साथ पिकनिक मनाने लंघाडोल थाना क्षेत्र के देऊरदह घाट गोपद नदी के किनारे पहुंचे थे। इसी दौरान डॉ. प्रवीण मुण्डा की 13 साल की बेटी प्रेरणा मुण्डा ट्यूब के सहारे गोपद नदी में तैर रही थी। इसी दौरान प्रेरणा डूबने लगी। उसे डूबते देख डॉ. हरीश सिंहए डॉ. प्रवीण मुण्डा व अन्य लोग बचाने के लिए छलांग लगा दिये। जिसमें तीन लोग डूबने लगे। ग्रामीणों ने दो को बचा लिया। लेकिन डॉ. हरीश नदी के गहरे पानी में डूब गये और उनकी मौत हो गई। वही प्रेरणा लापता हो गई। जिसकी तलाश एसडीआरएफ टीम के माध्यम से चल रही थी। आज सोमवार की सुबह उसका शव गोपद नदी में उतराता हुआ मिला है। शव मिलने की पुष्टि थाना प्रभारी लंघाडोल पुष्पेन्द्र धुर्वे ने करते हुये बताया कि आज सुबह प्रेरणा का शव मिला है। शव का पोस्टमार्टम उपरांत परिजनों को सौंप दिया गया है। मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

### शोक में डूबा चिकित्सालय परिवार

डॉ.हरीश सिंह एवं डॉ. प्रवीण मुण्डा के बालिका की गोपद नदी में डूबने से हुई मौत की खबर सुन नेहरू चिकित्सालय जयंत सहित एनसीएल में शोक व्याप्त है। इस घटना को जिसने भी सुना सभी की आँखें डबडबा आई। वही शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का सुबह जयंत में तांता लगा हुआ था। शोक संवेदना व्यक्त करने वाले लोग मृतक के परिजनों को ढाढस बंधाते हुये गहरा दुख व्यक्त कर रहे थे।

समय-सीमा बैठक सम्पन्न

# संतुष्टि पूर्वक शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करायें : कलेक्टर



सीधी

सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने निर्देशित किया है कि सभी विभाग प्रमुख सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की नियमित समीक्षा कर संतुष्टि पूर्वक निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग सीएम हेल्पलाइन के शिकायतों के निराकरण के लिए विभागीय व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करें तथा निगरानी तंत्र को व्यवस्थित करें। कलेक्टर ने कहा कि जिन विभाग प्रमुखों की परफॉर्मेंस डी ग्रेड में है विभाग प्रमुख शिकायतों को स्वयं विशेष रूप से देखकर समय सीमा में संतुष्टिपूर्ण निराकरण दर्ज कराए। विकासखंड स्तर पर एसडीएम सीईओ जनपद तथा संबंधित विभागों के साथ बैठक करके शिकायतों का निराकरण कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को गंभीरता से लें और समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण दर्ज करे। उन्होंने कहा कि जो विभाग सी एवं डी ग्रेड में है वह अगले हफ्ते तक बी में आने का प्रयास करें।

कलेक्टर ने समाधान ऑनलाइन में चयनित विषयों तथा 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों को प्राथमिकता पर निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने हितग्राहियों के हितलाभ वितरण तथा भुगतान संबंधी शिकायतों के निराकरण को गंभीरता से दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

राजस्व महाअभियान 3.0 की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि बटवारा, सीमांकन, नामांतरण, परंपरागत रास्तों का चिन्हांकन, नक्शा सुधार, आधार खसरा लिंकेज, अभिलेख दुरुस्तगी के प्रकरणों का निराकरण अपेक्षा अनुरूप कम है इसे विशेष प्रयास करके प्राथमिकता से निराकरण करें।कलेक्टर ने समस्त उपखण्ड अधिकारी एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि दिये गये निर्देशानुसार कार्य पूर्ण कराते हुए प्रतिदिन की प्रगति से अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

बैठक में उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, सिहावल एस.पी. मिश्रा, चुरहट शैलेश द्विवेदी, मझौली आर.पी. त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर प्रशांत त्रिपाठी, प्रिया पाठक सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। अन्य खण्डस्तरीय अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे।

## शासकीय विद्यालय गजरही ने पेश की मिशाल, अध्यनरत विद्यार्थियों को बॉटे स्वेटर

**सीधी।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय गजरही संकुल सपही, सिहावल इन दिनो जिले में चर्चा का विषय बनी हुई है। विद्यालय प्रधानाध्यापक एवं गुरूजनो की कड़ी मेहनत फलस्वारूप विद्यार्थी निजी विद्यालयों से नाम कटवा कर शासकीय विद्यालय में दाखिला करा रहे हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय परिवार के सभी गुरूजनो के उत्कृष्ट कार्य की सराहना की है। विद्यालय प्रधानाध्यापक ने चर्चा के दौरान बताया कि कलेक्टर, डीईओ, बीईओ के मार्गदर्शन में विद्यालय का मान बढ़ाने की दिशा में हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। इसके साथ ही विद्यालय में पदस्थ गुरूजनो की मेहनत लगन एवं निष्ठा के परिणामस्वारूप विद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम अत्यंत सराहनीय रहता है। यहॉ के विद्यार्थियों में अनुशासन के साथ ही सर्वागिंण विकास हेतु अन्य अतिरिक्त कक्षाओं एवं खेल विधा में प्रोत्साहित करने का विशेष प्रयास रहता है।

# जनकल्याण के लिए संवेदनशीलता से कार्य करें : मुख्य सचिव

मुख्य सचिव ने समाधान ऑनलाइन में की विभिन्न प्रकरणों की सुनवाई



सीधी

मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में विभिन्न जिलों के आवेदकों के प्रकरणों की सुनवाई की। मुख्य सचिव ने शिवपुरी, धार, सिंगरौली, नीमच, राजगढ़, पन्ना, खरगौन, रतलाम एवं ग्वालियर जिलों के आवेदकों की समस्याएं सुनी तथा संबंधितों को निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि सभी अधिकारी जनकल्याण तथा जनता के आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए संवेदनशीलता से कार्य करें। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का अंतिम रूप से निराकरण कराएं। प्रकरणों में संतुष्टि और सकारात्मक निराकरण समान होना चाहिए। शासन की योजनाओं और कार्यक्रमों के संबंध में अधिकारी तथ्यपूर्ण रिपोर्टिंग करें।

मुख्य सचिव ने कहा कि सभी अधिकारी अपने अधीनस्थ अधिकारियों के कौशल उन्नयन के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण का आयोजन करें। मैदानी अमले से योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में फीडबैक प्राप्त करें। अधिकारियों और कर्मचारियों को यदि किसी तरह की कठिनाई है तो उसे दूर करने का भी प्रयास करें। राजस्व महाअभियान के दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के सभी दर्ज प्रकरणों में ई केवाईसी करके फार्मर्स आईडी का निर्माण करा दें। जिससे किसानों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सके। मुख्य सचिव ने कहा कि देश के संविधान को अंगीकार करने के 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इसके कार्यक्रम वर्ष भर आयोजित किए जाएंगे। सभी जिलों में ग्राम पंचायत स्तर तक 26 नवम्बर को संविधान दिवस के कार्यक्रम आयोजित करें। इन कार्यक्रमों में संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराएं।

वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, पुलिस अधीक्षक डॉ रविन्द्र वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा तथा अन्य अधिकारी इसमें शामिल हुए।

# गीता के ज्ञान से बच्चे होंगे परिचित

मंगलवार से विद्यालयों में आयोजित होगा गीता महोत्सव कार्यक्रम

**सीधी।** जिले के स्कूली छात्रों को एक शानदार मौका मिलने वाला है। स्कूल शिक्षा विभाग अंतराष्ट्रीय गीता महोत्सव अंतर्गत इंस्कॉन मंदिर उज्जैन के समन्वय से गीता और श्री कृष्ण से सम्बंधित प्रतियोगिता का आनलाईन क्विज के रूप में आयोजन किया जा रहा है। क्विज में भगवान श्री कृष्ण के जीवन से जुड़े सवाल पूछे जायेगे। इस प्रतियोगिता का नाम वैल्यू एजुकेशन कान्टेस्ट रखा गया है। प्रतियोगिता का उद्देष्य छात्रों में स्थाई नैतिक मूल्यों का संचार करना चरित्र निर्माण को प्रेरित करना और आज के युवाओं में व्याप्त विभिन्न व्यसनों के खतरों के बारे में जागरूकता फैलाना है।

एपीसी रमसा डॉ सुजीत कुमार मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि स्कूलों को परीक्षा की लिंक प्राचार्यों को भेजी जा चुकी है। जिला स्तर पर आनलाईन प्रतियोगिता 26 नवम्बर को कक्षा नवी, 27 नवम्बर को कक्षा 10वीं, 28 नवम्बर को कक्षा 11वीं, एवं 29 नवम्बर को कक्षा 12वीं की प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी।

सभी प्रतियोगिताये दोपहर 12 बजे से 01 बजे तक केवल स्कूल में आयोजित होगी। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 11 दिसम्बर को आयोजित की जायेगी। जिला स्तर पर भी विद्यार्थियों को पुरुस्कार दिए जाएंगे। राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थी को एक लाख रूपये, द्वितीय स्थान प्राप्त को इक्यावन हजार रूपये और तृतीय स्थान वाले को इक्कीस हजार रूपये पुरस्कार के रूप में प्रदान किये जायेंगे।

## 26 नवंबर को समाजवादी पार्टी द्वारा मनाया जाएगा संविधान दिवस

**सीधी।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव रीवा संभाग प्रभारी राम प्रताप सिंह यादव की उपस्थिति में भारतीय संविधान दिवस का कार्यक्रम मनाया जाएगा।

# हम होंगे कामयाब जागरूकता अभियान 25 नवम्बर से 10 दिसम्बर

अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**सीधी।** जिले में जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिये हम होंगे कामयाब जागरूकता अभियान 25 नवम्बर से 10 दिसम्बर 2024 तक आयोजित किया जा रहा है। हम होंगे कामयाब पखवाड़ा अभियान में संबंधित विभाग के समन्वय के साथ गतिविधियां आयोजित की जानी है। इस आशय के निर्देश कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हम होंगे कामयाब पखवाड़ा अभियान के आयोजन की तैयारियों संबंधी समन्वय बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। बैठक में कलेक्टर श्री सोमवंशी ने निर्देशित किया है कि हम होंगे कामयाब पखवाड़ा अभियान के 16 दिवसों में जिला विकासखण्ड एवं ग्राम स्तर पर विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाये। अभियान के दौरान जेंडर संवेदनशीलता और जेंडर आधारित मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने के लिये समुदाय, विशेषकर पुरूषों, युवाओं के साथ ही किशोरों, बच्चों के पालकों को जोड़ा जाय। अभियान का सभी प्रचार माध्यमों से प्रचार प्रसार किया जायेगा। विशेषकर सोशल मीडिया के माध्यम से जेंडर आधारित हिंसा उन्मूलन, वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाईन नम्बर 171, 1098, ईआरएस 112 और शी-बाक्स पोर्टल के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिये हैश टैग और सूचनात्मक सामग्री का उपयोग करके राज्य स्तर से एक प्रभावी सोशल मीडिया अभियान चलाया जायेगा।



कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी ने समस्त शासकीय विभागों/कार्यालयों में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न निवारण अधिनियम अंतर्गत आंतरिक परिवाद समिति का गठन तथा समिति सदस्यों की जानकारी का प्रदर्शन करने के लिए विभाग प्रमुखों का निर्देशित किया। जिला शिक्षा अधिकारी एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सीधी को निर्देशित किया गया कि स्कूला/छात्रावासों के बच्चों को विशेषज्ञ के द्वारा गुडटच एवं बैड टच के बारे में जागरूक करना सुनिश्चित करें। बैठक में उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, सिहावल एस.पी. मिश्रा, चुरहट शैलेश द्विवेदी, मझौली आर.पी. त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर प्रशांत त्रिपाठी, प्रिया पाठक, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग आर सी त्रिपाठी सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। अन्य खण्डस्तरीय अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे।

# जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की तकनीकी समूह की बैठक सम्पन्न



**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार जिला स्तरीय तकनीकी समूह की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्री सोमवंशी ने निर्देशित किया कि बैंक से सम्बद्ध जिला सीधी व सिंगरौली के किसानों को उगाई जाने वाली फसलों यथा खरीफ, रबी फसल, फल उत्पादन, सब्जी उत्पादन, औषधी उत्पादन, मत्स्य पालन, दुग्ध उत्पादन आदि इकाईयों में पर्याप्त मात्रा में ऋण सुलभ हो यह सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि फसलों के गत निर्धारित ऋणमान, सम्बंधित विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई फसल लागत, ऋण अदायगी क्षमता का आंकलन करते हुए फसल उत्पादन हेतु ऋण देने के प्रावधान हैं, तदानुसार किसानों को विभिन्न फसल के उत्पादन हेतु किसान क्रेडिट कार्ड ऋण, सावधि ऋण दिये जाते है। जिला स्तरीय तकनीकी समूह की बैठक में निर्णय लिया गया कि गत वर्ष के ऋणमान से 10 प्रतिशत की वृद्धि की जाए।

बैठक में उपसंचालक कृषि, उपायुक्त सहकारिता, कृषि वैज्ञानिक, सहायक संचालक उद्यानिकी, सहायक संचालक मत्स्य उद्योग, उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी, जिला सीधी एवं सिंगरौली के पांच प्रगतिशील किसान इन्द्रभान साहू, मनीष कुमार तिवारी, भैयालाल सिंह, संजय अग्निहोत्री, रामकुशल कुशवाहा उपस्थित रहे।

## एएनएम की सीधी भर्ती के लिए दस्तावेज परीक्षण 25 से 29 नवंबर तक

**सीधी।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनीता तिवारी ने जानकारी देकर बताया है कि संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें म.प्र. का पत्र दिनांक 24.11.2024 के अनुपालन में माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा याचिका क्रमांक 5747/2023 तबस्सुम कुरेशी व अन्य विरूद्ध म.प्र. शासन व अन्य तथा संबंधित अन्य याचिकाओं में पारित आदेश दिनांक 05.11.2024 एवं 21.11.2024 के परिपालन में समस्त अभ्यर्थी जिन्होंने कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल द्वारा वर्ष 2023 में आयोजित समूह-5 के अन्तर्गत ए.एन.एम. (महिला बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता) की सीधी भर्ती के लिए आयोजित संयुक्त परीक्षा उत्तीर्ण की है एवं उनका नाम मेरिट में है, की नियमानुसार नियुक्ति संबंधी निर्णय लिये जाने के लिए उन्हें सूचित किया जाता है कि वे दस्तावेजों के परीक्षण के संबंध में दिनांक 25.11.2024 से 29.11.2024 के बीच कार्यालयीन समय में संबंधित जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के समक्ष समस्त यथोचित दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव,म.प्र. शासन राजस्व विभाग जिला-सीधी
भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-19 की उपधारा-4 एवं 7

क्रमांक 940 /भू-अर्जन-2024, सीधी, दिनांक 16/10/2024

अधिसूचना

चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान होने से कि नीचे दी गयी अनुसूची के पद (1) में वर्णित ग्रामों की भूमि की अनुसूची के पद (5) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता होने से इन ग्रामों की धारा-11 का प्रकाशन दिनांक 03.08.2023 को किया जा चुका है। वर्तमान में यह तथ्य संज्ञान में आया है कि धारा-11 के पश्चात् धारा-19 की कार्यवाही नही हो सका है, क्योंकि कार्यपालन यंत्री, म.प्र. लोक निर्माण विभाग (भ./स.) सीधी संभाग सीधी (म0प्र0) के द्वारा प्रस्तुत किये गये अर्जन के मूल प्रस्ताव क्रमांक 1066/तक./2022-23 सीधी दिनांक 10.03.2023 में ग्राम विजयपुर की भूमि अर्जन का 1.007 हे0 का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था, जिसमें पश्चात् में 1.331 हे0 का अर्जन प्रस्ताव धारा-11 हेतु प्रस्तुत किया गया है। इस प्रकार स्पष्ट है कि धारा-19 हेतु इस कार्यालय के आदेश क्रमांक 2424/भू-अर्जन/2023 दिनांक 21.12.2023 द्वारा अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग सीधी, अनुविभागीय अधिकारी पी.एच.ई. सीधी, अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकीय विभाग सीधी, वन परिक्षेत्राधिकारी सीधी, उप संचालक उद्यानिकी विभाग सीधी एवं हल्का पटवारी को भूमियों पर स्थित परिसम्पत्तियों के एलायमेंट के आधार पर भौतिक रुप से धारा-19 की कार्यवाही हेतु दल का गठन किया गया, किन्तु अभी तक परिसम्पत्तियों के संबंध में जॉचकर प्रतिवेदन प्रस्तुत न होने एवं इसी दौरान विधानसभा निर्वाचन तथा लोक सभा निर्वाचन होने से विलम्ब एवं देरी हुई है। अतः समयावधि में एलायमेंट की समस्या के कारण 06 माह की वृद्धि किया जाना उचित प्रतीत होता है। म.प्र. शासन की अधिसूचना क्रमांक एफ 16-15-(1)-2014-सात-शा, 2ए दिनांक 29 सितम्बर 2014 - भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (2013 का 30) की धारा 3 के खण्ड (ड) के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग मे लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, यह अधिसूचित करती है कि किसी जिले में, दस हजार हेक्टेयर से अनधिक किसी क्षेत्र के लिए, किसी लोक प्रयोजन के संबंध में, इस अधिनियम के प्रयोजन हेतु कलेक्टर को समुचित सरकार समझा जाएगां। (म0प्र0 राजपत्र भाग 1 दिनांक 03.10.2014 पृष्ठ 2893 पर प्रकाशित) उक्त वर्णित अधिसूचना में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एवं उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास द्वारा प्रेषित पूर्व पत्र क्रमांक 219/एस.डी.ओ./2018 सीधी दिनांक 24 फरवरी 2018 एवं प्रस्ताव के अनुक्रम में भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-19 की उपधारा (7) के प्रथम एवं द्वितीय परन्तुक एवं धारा-25 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, इस अधिसूचना के माध्यम से वर्णित ग्रामों की धारा-19 की उपधारा (4) की समयावधि में छः माह की वृद्धि की जाती है। अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-19 के परन्तुक अन्तर्गत इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि उक्त सीधी जिले की तहसील गोपद बनास की वर्णित भूमि की समयावधि निम्नानुसार बढायी जाती है :-

(1) भूमि का वर्णन :-

| क्र. | ग्राम का नाम | निजी भूमि रकबा (क्षेत्रफल लगभग) | धारा-11 के जारी होने का दिनांक | धारा-19 को 01 वर्ष पूर्ण होने का दिनांक | धारा-19 की समयावधि मे की गयी वृद्धि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विजयपुर | 1.007 | 03-08-2023 | 03-08-2024 | धारा-19 की उपधारा 4 की अधिसूचना में 06 माह की वृद्धि की जाती है। |

2. सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है - विजयपुर बाईपास सडक मार्ग के निर्माण हेतु।
3. सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए भू-अर्जन कार्यालय कलेक्टर सीधी एवं उपखण्ड अधिकारी गोपदबनास, जिला सीधी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

मप्र के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

( स्वरोचिष सोमवंशी )
कलेक्टर एवं पदेन
उप सचिव म.प्र. शासन
राजस्व विभाग

जी-19433/24

# खेलो एम.पी. यूथ गेम्स-2024 खेल प्रतियोगिता का आयोजन

ब्लॉक स्तरीय चयन स्पर्धा 05 से 08 दिसंबर तक, खिलाड़ियों को ऑनलाइन पंजीयन कराना होगा



**सीधी।** संचालनालय खेल और युवा कल्याण मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार खेलो इण्डिया यूथ गेम्स की तर्ज पर "खेलो एम.पी. यूथ गेम्स 2024" के आयोजन के संबंध में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सीधी में कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सीधी श्री अरविन्द श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि "खेलो एम.पी. यूथ गेम्स 2024" का आयोजन ब्लॉक, जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर किया जाना है। उक्त आयोजन में 19 वर्ष से कम आयु (31 दिसंबर 2024 की स्थिति में) के बालक एवं बालिका खिलाड़ी प्रतिभागिता कर सकेंगे। एक खिलाड़ी एक ही खेल में प्रतिभागिता कर सकेगा। ब्लॉक स्तर पर चयन स्पर्धा, जिला एवं संभाग स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन 19 खेलों- एथलेटिक्स, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, बॉक्सिंग, क्रिकेट, फुटबाल, हॉकी, जूडो, कबड्डी, खो-खो, मलखम्ब, तैराकी, वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, टेबिल-टेनिस, योगासन, व्हालीवाल टेनिस एवं शतरंज में किया जावेगा तथा 06 खेल-ताईक्वाण्डो, फैंसिंग, रोईंग क्याकिंग-कैनोईंग, शूटिंग एवं आर्चरी का आयोजन सीधे राज्य स्तर पर किया जावेगा। कलेक्टर श्री सोमवंशी द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, खेल संघ एवं वरिष्ठ खिलाड़ियों के समन्वय से ब्लॉक स्तरीय चयन स्पर्धा का आयोजन कर अधिक से अधिक खिलाड़ियों को सम्मिलित कराते हुये उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन करने के निर्देश दिये गये है। ब्लॉक स्तरीय चयन स्पर्धा में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को ऑनलाइन पंजीयन करना अनिवार्य है, प्रतिभागिता करने वाले खिलाड़ियों के आफलाईन आवेदन भरकर समस्त प्रमाणपत्रों सहित एवं आनलाईन पंजीयन कर सूची सहित जानकारी संबंधित विद्यालयों के प्राचार्य एवं क्रीड़ा प्रभारी ब्लाक समन्वयक को उपलब्ध करायेंगे। खिलाड़ियों को आयु प्रमाणपत्र हेतु ग्राम पंचायत नगरपालिका, नगर निगम द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र अथवा मूल अंकसूची एवं मूल निवासी प्रमाण-पत्र एवं वर्तमान का फोटोग्राफ साथ में लाना अनिवार्य है।

ब्लॉक स्तरीय चयन स्पर्धा का आयोजन जिले के समस्त ब्लाक में दिनांक 05 दिसम्बर से 08 दिसम्बर 2024 तक एवं जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 13 दिसम्बर से 15 दिसम्बर 2024 तक किया जावेगा। ब्लाक स्तरीय चयन स्पर्धा में सम्मिलित होने हेतु ब्लॉक सम्न्वयक सीधी से जयबीर सिहं -9165887178, ब्लॉक सिहावल से अमित कुमार द्विवेदी -8305629309, ब्लॉक मझौली से सरोज पटेल -9993272893, ब्लॉक रामपुर नैकिन से ललिता साकेत -6266826269, ब्लॉक कुसमी से कृष्णानन्द मिश्रा - 9425424495 से सम्पर्क कर सकते है। ब्लॉक सीधी में चयन स्पर्धा -शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-01 में 05 से 07.12.2024 तक, शा.उ.मा.वि. क्रमांक-02 में 05.12.2024 को, सामुदायिक भवन पुलिस लाईन सीधी में 06.12.2024 को, ब्लॉक कुसमी में -शा.उ.मा.वि. पोण्डी में 05.12.2024 को, शा.उ.मा.वि. बालक भुईमाड़ में 06.12.2024 को, एकलव्य आवासीय विद्यालय टमसार में 07 एवं 08 दिसंबर 2024 को, ब्लॉक सिहावल में -शा.उ.मा.वि.(बालक) हिनौती में 05, 06 एवं 07 दिसंबर 2024 को, ब्लॉक मझौली में -पीएम श्री शा.उ.मा.वि. टिकरी में 05.12.2024 को, सीएम राईज विद्यालय पथरौला मे 07.12.2024, शा. कन्या उ.मा.वि. मझौली में 08.12.2024 को, ब्लॉक रामपुर नैकिन में जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट में 05.12.2024 को, मोहिनीदेवी स्टेडियम चुरहट में 06.12.2024 को, शा.उ.मा.वि. हनुमानगढ़ में 07.12.2024 को विद्यालयों के खेल मैदानों में आयोजन किया जावेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### इसरो का महत्वाकांक्षी मिशन गगनयान मार्च 2025 में हो सकता है लॉन्च



**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो ) का महत्वाकांक्षी मिशन गगनयान अगले साल मार्च में लॉन्च हो सकता है। यह एक मानवरहित मिशन होगा। इसके लिए इसरो प्रशांत महासागर में वैज्ञानिकों की टीम भेजने की तैयारी कर ली है। मिशन पर नजर रखने के लिए प्रशांत महासागर और उत्तर अटलांटिक महासागर में ऑब्जरवेशन पॉइंट पर वैज्ञानिक पहुंचेंगे। अगर यह मिशन कामयाब होता है तो भारत 2026 तक मानवयुक्त गगनयान को भी अंतरिक्ष में भेज सकता है। गगनयान मिशन के लिए चार अंतरिक्ष यात्रियों की पहले से ही ट्रेनिंग चल रही है। इसरो का पहला प्लान तीन दिनों के मिशन का है। इस मिशन के तहत धरती से 400 किलोमीटर दूर की कक्षा में अंतरिक्ष यात्रियों को भेजा जाएगा और इसके बाद उन्हें समंदर में लैंड करवाया जाएगा। सीएनएन-न्यूज 18 की रिपोर्ट के मुताबिक इसरो और भारत सरकार 1 मार्च 2025 से 31 अगस्त 2025 के बीच के मिशन का प्लान बनाया है। इसे श्रीहरिकोटा से लॉन्च किया जाएगा। इससे पहले दो शिप से वैज्ञानिकों को रवाना किया जाएगा। एक शिप में आठ वैज्ञानिक जाएंगे। इन्हें अपनी लोकेशन तक पहुंचने में दो सप्ताह का समय लग जाएगा। इन शिप से इसरो कम्युनिकेशन सर्किट तैयार करेगा। इनका संपर्क एमओएक्स-आईएसटीआरएसी और एससीसी-आईएसटीआरएसी बेंगलुरु से रहेगा। इसने चंद्रयान 3 के लिए भी अहम भूमिका निभाई थी। दस्तावेजों के मुताबिक 1 मार्च 2025 से 31 अगस्त 2025 के बीच ही मिशन लॉन्च होना है। उत्तरी अटलांटिक महासागर में न्यू यॉर्क के पोर्ट से शिप भेजा जाएगा। इसे न्यूयॉर्क से अपनी पोजीशन तक पहुंचने में 3 हजार किलोमीटर की दूरी तय करनी होगी। इसमें कम से कम 14 दिन लगा जाएंगे। इसरो के वैज्ञानिक न्यूयॉर्क से ही शिप में सवार होंगे। यह मिशन ज्यादा से ज्यादा तीन दिन का हो सकता है। मिशन से दो दिन पहले वैज्ञानिक प्रशांत और अटलांटिक महासागर में अपने स्थान पर पहुंच जाएंगे।

### रेलवे स्टेशन पर 25 लाख की करेंसी के साथ युवक पकड़ाया, नोटों की गड्डियों से भरा था बैग

**वाराणसी , एजेंसी।** पीडीडीयू जंक्शन पर रविवार की शाम जीआरपी ने चेकिंग के दौरान एक युवक को पकड़ा। युवक के बैग से 25.30 लाख रुपये की करेंसी बरामद हुई। पूछताछ के दौरान युवक किसी प्रकार का कागजात उपलब्ध नहीं करा सका। जीआरपी की सूचना पर पहुंची आयकर विभाग की टीम युवक से पूछताछ करने में जुटी है। जीआरपी के अनुसार वाराणसी से कोलकाता जाने के लिए स्टेशन पर पहुंचा था। जीआरपी कोतवाल सुनील कुमार सिंह ने बताया कि ट्रेनों में भीड़ भाड़ को देखते हुए चेकिंग की जा रही है। इसी क्रम में रविवार की शाम एसआई जितेन्द्र कुमार मौर्य सहित अन्य जवानों के साथ स्टेशन पर चेकिंग की जा रही थी। इस क्रम में प्लेटफार्म संख्या दो फुट ओवर ब्रिज के नीचे एक युवक संदिग्ध दिखा। संदेह के आधार पर बैग की तलाशी में काफी मात्रा में करेंसी मिली। थाने लाकर बैग की तलाशी में 25 लाख 30 हजार नगद बरामद हुआ। इस दौरान युवक बरामद नगदी के बाबत कोई कागजात नहीं दिखा पाया। पूछताछ के दौरान पता चला कि युवक पश्चिम बंगाल 24 परगना थाना महेशतला क्षेत्र के शिवरामपुर शारदा ब्लॉक सी निवासी आलोक कुमार दूबे है। बताया कि युवक के अनुसार वह वाराणसी कैंट स्टेशन के समीप से करेंसी लेकर कोलकाता जा रहा था। करेंसी देने वाला उसके पिता के मित्र है। हालांकि युवक के बयान पर जांच कराई जा रही है। वहीं सूचना पर पहुंची वाराणसी आयकर विभाग की टीम युवक से बरामद नकदी के बाबत जानकारी ले रही है।

### महाराष्ट्र : अगले महीने से इन 13 लाख महिलाओं को मिलेगा तोहफा, खाते में आने लगेंगे 1500 रुपये

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन की जबरदस्त जीत के पीछे लड़की बहिन योजना को भी बताया जा रहा है। एनसीपी (सपा) नेता शरद पवार ने भी कहा कि इस योजना से महायुति को बड़ा लाभ हुआ है। महिलाओं ने जमकर महायुति के लिए वोट किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अगले महीने से ही 13 लाख और महिलाओं को इस योजना का लाभ मिलने लगेगा। इसके तहत हर महीने महिलाओं के खाते में 1500 रुपये जमा किए जाएंगे। 2.34 करोड़ महिलाओं को इसका फायदा मिल रहा है। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट की मानें तो दिसंबर के महीने में उन महिलाओं को भी योजना में शामिल कर लिया जाएगा जिनकी अब तक बैंक अकाउंट से आधार सीडिंग नहीं हो पाई थी। वहीं महायुति ने यह भी वादा किया था कि इस राशि को बढ़ाकर 2100 कर दिया जाएगा। बजट में इस योजना के लिए 3500 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया था। अगर राशि बढ़ानी है तो इसपर लागत भी बढ़ जाएगी। ऐसे में आवंटन भी बढ़ाना पड़ेगा। बता दें कि लोकसभा चुनाव में महायुति गठबंधन को झटका लगा था। इसके बाद इस योजना की शुरुआत की गई थी। इसका असर भी विधानसभा चुनाव में दिखाई दिया। महायुति ने 234 सीटों पर कब्जा कर लिया। इस योजना के सबसे ज्यादा लाभार्थी पुणे. नासिक, ठाणे और मुंबई में हैं। इन इलाकों में महायुति को भी बड़ा फायदा हुआ है। वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने कहा कि जिन महिलाओं के आवेदन अभी लंबित हैं उन्हें भी क्लियर किया जाएगा सरकारी सूत्र के मुताबिक, नवंबर तक 2.34 करोड़ महिलाओं को योजना में शामिल कर लिया गया था।

# नेपाल से वापस आए भारतीय सेना प्रमुख, गोरखाओं की भर्ती पर बना सस्पेंस

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी नेपाल की पांच दिन की आधिकारिक यात्रा पूरी कर रविवार का स्वदेश लौट आए। इस दौरे का उद्देश्य भारत और नेपाल के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करना था। हालांकि, पिछले चार साल से रुकी हुई गोरखा सैनिकों की भर्ती को फिर से शुरू करने पर कोई स्पष्टता नहीं आई है। सेना की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया, यह दौरा तय लक्ष्यों से आगे बढ़कर सफल रहा। इसने दोनों देशों की सेनाओं के बीच शांति, सुरक्षा और साझेदारी के प्रति साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

**उच्च स्तरीय मुलाकातें, लेकिन गोरखा भर्ती पर चुप्पी :** नेपाल दौरे पर जनरल द्विवेदी ने वहां के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल, प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली, रक्षा मंत्री मणबीर राय और नेपाली सेना प्रमुख जनरल अशोक राज सिग्देल से मुलाकात की। लेकिन गोरखा सैनिकों की भर्ती पर किसी आधिकारिक बयान या मीडिया रिपोर्ट में कोई चर्चा नहीं की गई। नेपाल के मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रधानमंत्री ओली ने द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने पर जोर दिया। यह दौरा ऐसे समय हुआ है जब भारत-नेपाल संबंधों में तनाव देखा जा रहा है और नेपाल में चीन की बढ़ती दिलचस्पी ने चिंताओं को बढ़ा दिया है।

**गोरखा भर्ती पर विवाद :** गोरखा सैनिकों की भर्ती 2020 में कोविड-19 महामारी और 2021 में लागू हुई अग्निवीर योजना के कारण रुकी हुई है। अग्निवीर योजना के तहत सैनिकों को चार साल के लिए भर्ती किया जाता है, जिसमें से केवल 25 प्रतिशत को ही स्थायी सेवा में शामिल किया जाता है। ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, नेपाल ने इस योजना पर आपत्ति जताई है और इसे 1947 के भारत-नेपाल-ब्रिटेन त्रिपक्षीय समझौते का उल्लंघन बताया है। नेपाल ने चार साल की सेवा के बाद गोरखा सैनिकों की पुनः रोजगार योग्यता पर भी चिंता जताई है। फिलहाल, भारतीय सेना में लगभग 32,000 नेपाली गोरखा सैनिक कार्यरत हैं। 2020 के बाद से करीब 15,000 गोरखा सैनिक सेवा से सेवानिवृत्त हुए हैं, लेकिन उनकी जगह नई भर्तियां नहीं हुईं। इससे पहले, नेपाल से सालाना भर्ती 1,500 से 1,800 के बीच होती थी।



स्वतंत्रता के समय गोरखा बटालियनों में 90 प्रतिशत सैनिक नेपाल के थे और शेष भारतीय थे। वर्तमान में यह अनुपात 60:40 है। स्थिति से निपटने के लिए सैन्य हलकों में चल रहे सुझावों में से एक यह था कि गोरखा बटालियनों की संख्या धीरे-धीरे कम की जाए और भारत के गोरखाओं की संख्या बढ़ाई जाए। भारतीय सेना की गोरखा ब्रिगेड में कुल 39 गोरखा राइफल्स (जीआर) बटालियन शामिल हैं जो सात पैदल सेना रेजिमेंट बनाती हैं - इनमें 1 जीआर, 3 जीआर, 4 जीआर, 5 जीआर 8 जीआर, 9 जीआर और 11 जीआर शामिल हैं। उनका इतिहास अप्रैल 1815 का है, जब 1 जीआर को तत्कालीन ईस्ट इंडिया कंपनी ने बंगाल आर्मी के हिस्से के रूप में स्थापित किया था। 11 जीआर स्वतंत्रता के बाद गठित एकमात्र रेजिमेंट है, जिसमें ब्रिटेन को आवंटित बटालियनों से गोरखा सैनिकों को शामिल किया गया था, लेकिन उन्होंने जाने का विकल्प नहीं चुना।

**ऐतिहासिक संबंधों पर चीन की छाया :** नेपाल में भारतीय सेना के लिए गोरखा सैनिकों की भर्ती ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण रही है। लेकिन हाल के वर्षों में नेपाल में चीन के बढ़ते प्रभाव ने भारत-नेपाल संबंधों पर असर डाला है। चीन ने न केवल नेपाली सेना को हथियार और वाहन उपलब्ध कराए हैं, बल्कि उसे बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के तहत जोड़ने का भी प्रयास किया है। इसके अलावा, भारत-नेपाल-चीन त्रिजंक्शन पर सीमा विवाद भी तनाव का कारण बना हुआ है।

**भारत-नेपाल सैन्य सहयोग :** भारत, नेपाल की सेना को आधुनिक बनाने के लिए उसे उपकरण और प्रशिक्षण प्रदान करता रहा है। भारतीय सेना द्वारा नेपाल को ध्रुव और चीता हेलीकॉप्टर, इंसास राइफल और माइंस से बचाने वाले वाहन भी दिए गए हैं। नेपाली सेना प्रमुख को मानद भारतीय सेना प्रमुख का खिताब और इसी तरह भारतीय सेना प्रमुख को नेपाली सेना के मानद जनरल का खिताब देने की परंपरा दोनों देशों के ऐतिहासिक संबंधों को दर्शाती है। हालांकि जनरल द्विवेदी का दौरा सफल बताया गया है, लेकिन गोरखा सैनिकों की भर्ती को लेकर जारी सस्पेंस भारत-नेपाल रक्षा संबंधों में एक महत्वपूर्ण मुद्दा बना हुआ है।

## ये हिंदुत्व की जीत है, महाराष्ट्र में सिर्फ भगवा चलेगा, फतवा नहीं- नितेश राणे



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति गठबंधन की शानदार जीत के बाद भाजपा नेता नितेश राणे ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने रविवार को कहा कि ये हिंदुत्व की जीत है। हमारे महाराष्ट्र के हिंदू समाज ने जवाब दे दिया है कि हमारे महाराष्ट्र में सिर्फ भगवा ही चलेगा फतवा नहीं चलेगा। राणे ने कहा, ये जनादेश लव जिहाद, लैंड जिहाद और इस्लामीकरण के खिलाफ मिला है। महाराष्ट्र के हिंदू समाज ने सीधा संदेश दिया है कि मस्जिदों में 5 बार बजने वाले लाउड स्पीकर बंद हो जाने चाहिए। सब जगहों पर जो हरी चादर डालने का कार्यक्रम शुरू हुआ था उसके खिलाफ हमें जनादेश मिला है। नितेश राणे ने कहा कि अभी महाराष्ट्र में केवल भगवाधारियों का ही राज्य चलेगा। इसी तरह का जनादेश मिलने की वजह से आने वाले दिनों में उसी तरह की सरकार दिखेगी। मालूम हो कि भाजपा के प्रमुख विजयी उम्मीदवारों में मौजूदा विधायक नितेश राणे शामिल हैं, जिन्होंने सिंधुदुर्ग जिले की कंकावली विधानसभा सीट पर 58,007 मतों के अंतर से जीत हासिल की। भाजपा उम्मीदवार नितेश नारायण राणे ने शिवसेना (यूटीबी) के कैंडिडेट संदेश भाष्कर पारकर को हराया है। महायुति ने महाराष्ट्र में 288 विधानसभा सीटों में से 230 सीटें जीतकर भारी बहुमत से सत्ता बरकरार रखी। वहीं, भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों ने रविवार को महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की और उन्हें राज्य विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों के नामों वाले राजपत्र की प्रतियां भेंट कीं। विज्ञप्ति में कहा गया कि उप निर्वाचन आयुक्त हृदेश कुमार और महाराष्ट्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एस. चोकलिंगम ने राजभवन में राज्यपाल से मुलाकात कर उन्हें राजपत्र और आयोग की अधिसूचना की प्रतियां सौंपी। राज्य चुनाव के परिणाम 23 नवंबर को घोषित किए गए।

## दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट में शराब परोसने पर लगी रोक, पुणे वाले शो से पहले बड़ा फैसला

**पुणे, एजेंसी।** महाराष्ट्र आबकारी विभाग ने पुणे के कोथरुड इलाके में अभिनेता-गायक दिलजीत दोसांझ के म्यूजिक कॉन्सर्ट को लेकर बड़ा कदम उठाया है। विभाग ने इस कार्यक्रम में शराब परोसने का परमिट रविवार को रद्द कर दिया। कोथरुड के नवनिर्वाचित भाजपा विधायक चंद्रकांत पाटिल सहित विभिन्न वर्गों के लोगों ने रविवार शाम होने वाले कंसर्ट में शराब परोसने की योजना पर आपत्ति जताई थी, जिसके बाद विभाग ने परमिट रद्द करने का फैसला लिया। महाराष्ट्र के आबकारी आयुक्त सी राजपूत ने कहा, राज्य आबकारी विभाग ने कॉन्सर्ट के दौरान शराब परोसने की अनुमति रद्द कर दी है। भाजपा विधायक पाटिल ने कोथरुड के काकाडे फार्म में होने वाले संगीत कॉन्सर्ट पर आपत्ति जताई है। उन्होंने एक बयान में कहा है, 'ऐसे शो शहर की संस्कृति का हिस्सा नहीं हैं। इससे क्षेत्र के निवासियों के लिए बड़ी परेशानी खड़ी होगी। आयोजन से यातायात जाम भी होगा। इसलिए, मैंने शहर के पुलिस आयुक्त से कार्यक्रम रद्द करने का आग्रह किया है।' दूसरी ओर, राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने पिछले महीने दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट के बाद दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में फैली गंदगी का संज्ञान लिया है।

# अहमदाबाद पुलिस ने फर्जी आईएएस अधिकारी को किया गिरफ्तार, जांच जारी

**अहमदाबाद, एजेंसी।** गुजरात में फर्जी अधिकारियों के पकड़ने का सिलसिला जारी है। अब अहमदाबाद पुलिस ने फर्जी आईएएस बने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मेहुल शाह के रूप में हुई है। शाह पर आरोप है कि उसने व्यक्तिगत फायदे के लिए एक फर्जी लेटर पैड तैयार किया और खुद को आईएएस अधिकारी के रूप में पेश किया। शिकायत मिलने के बाद अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले गुजरात में फर्जी पीएमओ अधिकारी और फर्जी पुलिस अधिकारी भी गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

अहमदाबाद क्राइम ब्रांच के पुलिस इंस्पेक्टर जेके मकवाना के मुताबिक, कार किराए पर देने वाले व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। आरोपी मेहुल शाह ने शिकायतकर्ता से कार किराए पर लेने के लिए संपर्क किया। शाह खुद को राजस्व विभाग का निदेशक और आईएएस अधिकारी बताता था। आरोपी ने कार में सायरन और पर्दा लगाने के लिए गृह मंत्रालय, विज्ञान एवं अनुसंधान विभाग का फर्जी पत्र भी पेश किया। पुलिस इंस्पेक्टर ने आगे बताया कि मामले में आगे की जांच जारी है। आरोपी मेहुल शाह मूल रूप से मोरबी का रहने वाला है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अहमदाबाद क्राइम ब्रांच को आरोपी के पास से कई विभागों के सरकारी विभागों के नाम से जुड़े कागज मिले हैं। पुलिस ने आरोपी के फोन के अलावा कई चीजों को कब्जे में लिया है। पुलिस आरोपी के दूसरे फोन, लैपटॉप और गैजेट्स की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, आरोपी युवक लोगों को नौकरी का झांसा देकर उनसे लाखों रुपए ऐंठता था। पुलिस पता लगा रही है कि उसने फर्जी आईएएस अधिकारी बनकर कितने लोगों को ठगा है। अहमदाबाद क्राइम ब्रांच के अनुसार, आरोपी ने खुद को विज्ञान और अनुसंधान विकास विभाग का चेयरमैन घोषित कर रखा था। इसी विभाग का चेयरमैन बताते हुए लेटर पैड बनवाया था। जिसे क्राइम ब्रांच ने जब्त कर लिया है।



**संभल विवाद में यूपी सरकार का रवैया बेहद दुर्भाग्यपूर्ण, सुप्रीम कोर्ट ले संज्ञान : प्रियंका गांधी वाड्रा :** नई दिल्ली , एजेंसी। यूपी के संभल जिले में शाही जामा मस्जिद के सर्वे को लेकर हुई हिंसा के दौरान चार लोगों की मौत हो गई है। इस हिंसा पर अब कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने प्रदेश की जनता से शांति बनाए रखने की अपील की है। प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए यूपी सरकार से कड़े सवाल किए। उन्होंने लिखा, संभल, उत्तर प्रदेश में अचानक उठे विवाद को लेकर राज्य सरकार का रवैया बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इतने संवेदनशील मामले में बिना दूसरा पक्ष सुने, बिना दोनों पक्षों को विश्वास में लिए प्रशासन ने जिस तरह हड़बड़ी के साथ कार्रवाई की, वह दिखाता है कि सरकार ने खुद माहौल खराब किया। प्रशासन ने जरूरी प्रक्रिया और कर्तव्य का पालन भी जरूरी नहीं समझा। उन्होंने आगे कहा, सत्ता में बैठकर भेदभाव, अत्याचार और फूट फैलाने का प्रयास करना न जनता के हित में है, न देश के हित में। माननीय सुप्रीम कोर्ट को इस मामले का संज्ञान लेकर न्याय करना चाहिए। प्रदेश की जनता से मेरी अपील है।

# बंगाल में शिशु मेले के आयोजन को लेकर बवाल, सांसद के सामने ही टीएमसी कार्यकर्ताओं में मारपीट

**मेदिनीपुर , एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में वेस्ट मेदिनीपुर जिले में रविवार को बच्चों के मेले के आयोजन के लिए बुलाई गई बैठक के दौरान हंगामा मच गया। स्थानीय सांसद दीपक अधिकारी के सामने अलग-अलग गुटों से जुड़े तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं में मारपीट हुई। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अधिकारी (देव नाम से मशहूर) और पूर्व विधायक शंकर दोलुई के समर्थकों के बीच लाठी-डंडे चले और हाथापाई हुई। सूत्रों के मुताबिक, झड़प के दौरान कुर्सियां ??तोड़ दी गईं और खाना कार्यक्रम स्थल पर बिखर गया। पुलिस ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान हाथापाई हुई और मामले की जांच जारी है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि घटाल में 30 वर्ष से अधिक समय से आयोजित होने वाले वार्षिक कार्यक्रम 'शिशु मेला' के लिए आयोजन समिति के सदस्यों की नियुक्ति को लेकर हंगामा मचा। इसे लेकर दोनों गुटों के बीच लंबे समय से प्रतिद्वंद्विता चली आ रही है। इस मुद्दे को सुलझाने के लिए बैठक में अधिकारी और दोलुई दोनों ने भाग लिया लेकिन असहमति के बाद समर्थक हिंसक हो गए।



**चर्चा के दौरान तनाव बढ़ा और मारपीट होने लगी :** सूत्रों ने बताया कि मेले का संयुक्त रूप से प्रबंधन करने का निर्णय लिए जाने के बावजूद चर्चा के दौरान तनाव बढ़ गया और बात मारपीट तक पहुंच गई। घटना के तुरंत बाद अधिकारी कार्यक्रम स्थल अरबिंदा स्टेडियम से चले गए। अधिकारी ने इस घटना पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि वे शीर्ष पार्टी नेतृत्व से इस संबंध में निर्देश मिलने के बाद बैठक में आए थे। उन्होंने आश्चर्य जताया कि दोलुई के साथ उनकी सफल बैठक के बावजूद ऐसी घटना कैसे हो सकती है। स्थानीय सांसद ने कहा कि उनका उद्देश्य मेले में आने वाले लोगों के लिए किफायती सामान सुनिश्चित करने के लिए स्टॉल की लागत कम रखना था। उन्होंने कहा कि मेला आयोजित किया जाएगा और इस घटना से घटाल की सकारात्मक छवि पर असर नहीं पड़ना चाहिए। राज्य के सिंचाई मंत्री मानस भुनिया ने कहा कि पार्टी ने घटना पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

## राज ठाकरे चले थे किंगमेकर बनने, अब पार्टी बचाने के भी लाले, सिंबल और दर्जे पर लटकी तलवार

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के नेता राज ठाकरे चुनाव नतीजों से पहले खुद को किंगमेकर के तौर पर देख रहे थे। उनका कहना था कि इलेक्शन के बाद भाजपा सरकार बनाएगी और देवेंद्र फडणवीस मुख्यमंत्री होंगे। इसके साथ ही हम भी राज्य की सरकार में किंगमेकर की भूमिका में रहेंगे। इसे उनकी महत्वाकांक्षा के तौर पर देखा गया था, लेकिन नतीजे आए तो राज ठाकरे को करारा झटका लगा। उनकी पार्टी को राज्य के चुनाव में एक भी सीट नहीं मिल सकी है। यह उनके लिए करारे झटके की तरह है और यहां तक कि क्षेत्रीय दल की मान्यता और पार्टी का सिंबल भी उनके हाथ से जा सकता है।

उनकी पार्टी का सिंबल रेल इंजन रहा है, जो बीते तीन चुनावों में फेल साबित हुआ है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना जब नई बनी थी, तब उसने 2009 में हुए अपने पहले विधानसभा इलेक्शन में 13 सीटें हासिल की थीं। इसके बाद 2014 और 2019 में एक ही विधायक मनसे से चुना गया, लेकिन इस बार तो पार्टी का खाता भी नहीं खुला। राज ठाकरे के बेटे अमित ठाकरे खुद माहिम विधानसभा सीट से बुरी तरह हार गए। वह तीसरे नंबर पर आए हैं। पहले ही चुनाव में अमित ठाकरे को हार का सामना करना पड़ा। इस हार से राज ठाकरे भी सकते में हैं और नतीजों के बाद उन्होंने कहा भी यह मेरे लिए करारे झटके की तरह है।

यही नहीं अब पार्टी के सामने वजूद का ही संकट खड़ा हो गया है। मनसे को राज्य के इलेक्शन में महज 1.55 फीसदी वोट ही मिल सका। नियम के जानकारों का कहना है कि अब मनसे का इलेक्शन सिंबल छिन जाएगा और उसे निर्दलियों को आवंटित होने वाले चिह्नों में से ही कोई चुनना होगा। नियम के अनुसार यदि किसी को दल को शून्य या एक सीट ही मिलती है और वोट 8 फीसदी रहता है तो उसे क्षेत्रीय दल का मिलता है। इसके साथ ही 2 सीट और 6 फीसदी वोट का नियम है। इसके अलावा तीन सीट पाने पर तीन फीसदी वोट को भी क्षेत्रीय दल की मान्यता के लिए आधार माना गया है। मनसे बीते तीन चुनावों में इनमें से किसी भी पैमाने पर खरी नहीं उतरी है।




# दिल्ली राजस्थान और हरियाणा के लिए रेगुलर चलेंगी 48 स्पेशल ट्रेनें

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रेल ने राजस्थान, दिल्ली और हरियाणा के रेल यात्रियों के लिए खुशखबरी वाला ऐलान किया है। अब इन राज्यों की यात्रा करने वालों को 48 स्पेशल ट्रेनों में रेगुलर यात्रा करने को मिलेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार एक जनवरी 2025 से निम्नानुसार 48 स्पेशल रेलसेवाएं अब नियमित गाड़ी संख्या से संचालित होंगी। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 04969, दिल्ली-भिवानी स्पेशल रेलसेवा नियमित गाडी संख्या 54005, दिल्ली-भिवानी, गाडी संख्या 04489, रोहतक-हांसी स्पेशल रेलसेवा नियमित गाडी संख्या 54011 रोहतक-हांसी, गाडी संख्या 04490, हांसी -रोहतक स्पेशल रेलसेवा नियमित गाडी संख्या 54012, हांसी-रोहतक रेलसेवा से संचालित होगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04975, रोहतक-भिवानी स्पेशल रेलसेवा नियमित गाडी संख्या 54013, रोहतक-भिवानी, गाडी संख्या 04978, भिवानी-रोहतक स्पेशल रेलसेवा नियमित गाडी संख्या 54014, भिवानी -रोहतक, गाडी संख्या 04977, रोहतक-भिवानी स्पेशल रेलसेवा नियमित गाडी संख्या 54015, रोहतक-भिवानी, गाडी संख्या 04962, भिवानी-रोहतक स्पेशल रेलसेवा नियमित गाडी संख्या 54016, भिवानी-रोहतक रेलसेवा से संचालित होगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04974, भिवानी-रोहतक स्पेशल रेलसेवा नियमित गाड़ी संख्या 54018, भिवानी-रोहतक, गाडी संख्या 04979, रेवाडी-रोहतक स्पेशल रेलसेवा नियमित गाडी संख्या 54019, रेवाड़ी-रोहतक, गाडी संख्या 04980, रोहतक-रेवाडी स्पेशल रेलसेवा नियमित गाडी संख्या 54020, रोहतक-रेवाडी, गाड़ी संख्या 04083, जीन्द-हिसार स्पेशल रेलसेवा नियमित गाडी संख्या 54043, जीन्द-हिसार, गाडी संख्या 04084, हिसार-जीन्द स्पेशल रेलसेवा नियमित गाड़ी संख्या 54044, हिसार-जीन्द नियमित रेलसेवा से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04433, दिल्ली-रेवाड़ी स्पेशल रेल सेवा, गाडी संख्या 54085, दिल्ली-रेवाड़ी, गाडी संख्या 04434, रेवाड़ी-दिल्ली स्पेशल रेलसेवा, गाडी संख्या 54086, रेवाडी-दिल्ली, गाड़ी संख्या 04435, रेवाडी-मेरठ कैंट स्पेशल रेलसेवा, गाडी संख्या 54411, रेवाड़ी-मेरठ कैंट,गाडी संख्या 04285, दिल्ली-रेवाडी स्पेशल रेलसेवा, गाड़ी संख्या 54413, दिल्ली-रेवाड़ी, गाड़ी संख्या 04990, रेवाडी-दिल्ली स्पेशल रेलसेवा, गाड़ी संख्या 54414, रेवाड़ी-दिल्ली रेलसेवा, गाड़ी संख्या 04283, दिल्ली-रेवाडी स्पेशल रेलसेवा, गाडी संख्या 54417, दिल्ली-रेवाडी नियमित रेलसेवा से संचालित होगी।

गाड़ी संख्या 04286, रेवाड़ी-दिल्ली स्पेशल रेलसेवा नियमित गाड़ी संख्या 54420, रेवाडी-दिल्ली रेलसेवा से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04989, दिल्ली-रेवाडी स्पेशल रेलसेवा नियमित गाडी संख्या 54421, दिल्ली-रेवाडी रेलसेवा से संचालित होगी।



## आईपीएल मेगा ऑक्शन

# पृथ्वी शॉ को नहीं मिला खरीदार, मार्को जेनसन 7 करोड़ में बिके

## विलियम्सन-रहाणे समेत 6 बड़े चेहरों पर नहीं लगी बोली; ऑलराउंडर सुंदर-सैम करन सस्ते में बिके

**जेद्दा (सऊदी अरब) (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की मेगा नीलामी 24 और 25 नवंबर को सऊदी अरब के जेद्दा हो रही है जिसका आज दूसरा दिन है। 10 आईपीएल फैंचाइजियों ने आईपीएल 2025 सीजन के लिए कुल 577 खिलाड़ियों (367 भारतीय, 210 विदेशी) के लिए बोली प्रक्रिया शुरू कर दी है।

पिछले साल 24.75 करोड़ में बिकने वाले मिशेल स्टार्क को इस बार आधे से भी कम कीमत पर खरीदा गया है। केएल राहुल को दिल्ली कैपिटल्स ने 14 करोड़ रुपए में खरीदा है और अब ऋषभ पंत भी उनके पास नहीं है तो ऐसे में उन्हें कप्तानी मिलने की भी संभावना है।

### आईपीएल 2025 मेगा नीलामी के नियम

नीलामी से पहले प्रत्येक टीम ने अधिकतम छह खिलाड़ियों को रिटेन किया है। छह से कम कोई भी संख्या मेगा नीलामी में टीमों के लिए उपलब्ध ऋक्षरूकार्ड की संख्या के बराबर होगी। अधिकतम पांच कैप्ड खिलाड़ियों को रिटेन किया जा सकता है जबकि अधिकतम दो अनकैप्ड खिलाड़ियों को रिटेन किया जा सकता है। लेकिन कुल 6 से अधिक नहीं होने चाहिए। प्रत्येक आईपीएल टीम 120 करोड़ रुपए के बजट के साथ नीलामी में प्रवेश करेगी, जिसमें से पहले से किए गए रिटेंशन के कारण एक महत्वपूर्ण राशि काट ली जाएगी। नीलामी के बाद प्रत्येक टीम के पास कम से कम 18 खिलाड़ी होने चाहिए, लेकिन 25 से अधिक नहीं। इसमें से अधिकतम 8 विदेशी खिलाड़ी हो सकते हैं।




केन विलियमसन - बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, अनसोल्ड
ग्लेन फिलिप्स - बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, अनसोल्ड
रोवमैन पॉवेल - बेस प्राइज - 1.5 करोड़ रुपए, सोल्ड - 1.5 करोड़ रुपए, टीम - कोलकाता नाइट राइडर्स
फॉफ डुप्लेसिस - बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, सोल्ड - 2 करोड़ रुपए, टीम - दिल्ली कैपिटल्स
अजिंक्य रहाणे - बेस प्राइज - 1.5 करोड़ रुपए, अनसोल्ड
मयंक यादव - बेस प्राइज - 1 करोड़ रुपए, अनसोल्ड
पृथ्वी शॉ- बेस प्राइज - 75 लाख रुपए, अनसोल्ड
शार्दुल ठाकुर - बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, अनसोल्ड
वाशिंगटन सुंदर - बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, सोल्ड - 3.20 करोड़ रुपए, टीम - गुजरात टाइटंस
सैम करन - बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, सोल्ड - 2.40 करोड़ रुपए, टीम - चेन्नई सुपर किंग्स
मार्को जेनसन - बेस प्राइज - 1.25 करोड़ रुपए, सोल्ड - 7 करोड़ रुपए, टीम - पंजाब किंग्स
क्रुणाल पांड्या - बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, सोल्ड - 5.75 करोड़ रुपए, टीम - रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
नीतिश राणा - बेस प्राइज - 1.50 करोड़ रुपए, सोल्ड - 4.20 करोड़ रुपए, टीम - राजस्थान रॉयल्स
शाई होप - बेस प्राइज - 1.25 करोड़ रुपए, अनसोल्ड

## बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी




# भारत की जीत के साथ शुरूआत, पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को 295 रन से हराया

**पर्थ, एजेंसी।** भारत ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज की शुरूआत जीत के साथ करते हुए पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को 295 रन से हरा दिया है। कार्यवाहक कप्तान जसप्रीत बुमराह के नेतृत्व में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली इनिंग में ऋषभ पंत (37) और नितीश रेड्डी (41) की बदौलत 150 रन बनाए। पहली इनिंग में ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी दमदार रही और जोश हेजलवुड ने 4 जबकि मिशेल स्टार्क, पैट कमिंस और मिशेल मार्श ने 2-2 विकेट अपने नाम किए।

इस समय पहले बल्लेबाजी का फैसला गलत लग रहा था लेकिन भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 104 पर ढेर कर पहली पारी में 46 रन की बढ़त बनाई जिसमें बुमराह के 5 विकेट शामिल थे। दूसरी इनिंग में यशस्वी यशस्वी जायसवाल (161) और विराट कोहली (100) के शतकों के अलावा केएल राहुल की 77 रन की अर्धशतकीय पारी की बदौलत 6 विकेट के नुकसान पर 487 रन बनाते हुए ऑस्ट्रेलिया के सामने 534 रन का लक्ष्य रखा। इस दौरान ऑस्ट्रेलिया को विकेट लेने में कठिनाई हुई। लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने एक बार फिर दमखम दिखाया और बुमराह और मोहम्मद सिराज के 3-3 विकेटों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया को 238 रन पर ढेर कर पहला टेस्ट मैच चौथे दिन ही अपने नाम कर लिया।

## ऑस्ट्रेलिया पहुंचते ही रोहित शर्मा ने शुरू किया अभ्यास, एक्शन मोड भारतीय कप्तान




**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पर्थ में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का पहला मुकाबला खेला गया. जसप्रीत बुमराह ने इस मैच में रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में टीम इंडिया की कमान संभाली, जबकि रोहित शर्मा को सीरीज के लिए टीम इंडिया का कप्तान नियुक्त किया गया था. अब भारतीय कप्तान सीरीज के बाकी चारों टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया पहुंच चुके हैं.ऑस्ट्रेलिया पहुंचने के साथ रोहित ने अभ्यास भी शुरू कर दिया.

इधर टीम इंडिया ने पर्थ टेस्ट खेला और उधर हिटमैन ने एडिलेड में खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट के लिए अभ्यास शुरू कर दिया. भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरा टेस्ट 06 दिसंबर से एडिलेड में खेला जाएगा, जिसके लिए काफी वक्त बाकी है, लेकिन फिर भी रोहित शर्मा ने आराम करने की बजाय नेट्स में अभ्यास करने का फैसला किया.

रोहित के अभ्यास का वीडियो बीसीसीआई ने सोशल मीडिया के जरिए शेयर किया गया. इस दौरान पर्थ मुकाबले की कवरेज कर रहे डेविड वॉर्नर ने भी रोहित शर्मा से मुलाकात की. रोहित काफी अच्छी लय में दिख रहे थे.

### निजी कारण के चलते मिस किया था पहला टेस्ट

बता दें कि रोहित शर्मा ने निजी कारणों का हवाला देते हुए सीरीज का पहला टेस्ट नहीं खेला था. रोहित शर्मा दूसरी बार पिता बने थे, जिसके चलते वह पर्थ टेस्ट में हिस्सा नहीं ले पाए थे. अब दूसरे टेस्ट में रोहित शर्मा नजर आएंगे, जिसके बाद देखना दिलचस्प होगा कि टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन में क्या बदलाव होता है.



## ऐतिहासिक जीत के बाद बोले बुमराह, पहली पारी में हम दबाव में थे

**पर्थ, एजेंसी।** भारत ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज की शुरूआत जीत के साथ करते हुए पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को 295 रन से हरा दिया। कार्यवाहक कप्तान जसप्रीत बुमराह को शानदार प्रदर्शन (8 विकेट) के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। उन्होंने मैच के बाद कहा कि पहली पारी में हम दबाव में थे, लेकिन उसके बाद जिस तरह से हमने जवाब दिया - उस पर गर्व है।

बुमराह ने कहा, शुरुआत से बहुत खुश हूं। पहली पारी में हम दबाव में थे, लेकिन उसके बाद जिस तरह से हमने जवाब दिया - उस पर गर्व है। 2018 में यहां खेला था। मुझे याद है कि जब आप यहां से शुरुआत करते हैं, तो विकेट थोड़ा नरम होता है और फिर यह तेज और तेज होता जाता है। उस अनुभव पर भरोसा कर रहा था। यह विकेट पिछले वाले से थोड़ा कम मसालेदार थी। हम वास्तव में अच्छी तरह से तैयार थे, इसलिए मैं सभी को अपनी प्रक्रिया और क्षमता पर विश्वास रखने के लिए कह रहा था।

उन्होंने कहा, अनुभव मायने रखता है, लेकिन अगर आपको विश्वास है तो आप कुछ खास कर सकते हैं। इससे ज्यादा कुछ नहीं मांगा जा सकता। जायसवाल ने अपने टेस्ट करियर की शानदार शुरुआत की है। यह शायद उनकी सर्वश्रेष्ठ टेस्ट पारी थी। उनका स्वभाव आक्रामक है, लेकिन उन्होंने गेंद को अच्छी तरह से छोड़ा और लंबे समय तक खेला। विराट के बारे में बुमराह ने कहा, मैंने उन्हें बिल्कुल भी आउट ऑफ फॉर्म नहीं देखा। चुनौतीपूर्ण विकेटों पर यह तय करना मुश्किल होता है कि कोई बल्लेबाज फॉर्म में है या नहीं। वह नेट्स में अच्छा दिख रहा था। हमेशा (भीड़ से) समर्थन का आनंद लेता हूं।




## पंजाब-लखनऊ को मिल गया है नया कप्तान?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऋषभ पंत और श्रेयस अय्यर ने आईपीएक ऑक्शन के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए. ये दोनों ही खिलाड़ी आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बने. पंत को लखनऊ सुपर जायंट्स ने 27 करोड़ रुपए में खरीदा. जबकि अय्यर को पंजाब किंग्स ने खरीदा. पंजाब और लखनऊ को नए कप्तान मिल गए हैं. पंत और अय्यर को जिम्मेदारी मिल सकती है. लेकिन अभी इसको लेकर आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आयी है. ऋषभ पंत दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा थे. लेकिन टीम ने उन्हें रिलीज कर दिया था. दिल्ली ने पंत को ऑक्शन में खरीदने की कोशिश की. लेकिन पंत को लखनऊ ने खरीद लिया. उनका बेस प्राइस 2 करोड़ रुपए था. लेकिन 27 करोड़ में बिके. अब पंत लखनऊ के कप्तान बन सकते हैं. लखनऊ के कप्तान केएल राहुल थे. लेकिन राहुल को दिल्ली ने खरीद लिया.

**पंजाब किंग्स के कप्तान बन सकते हैं श्रेयस अय्यर** -अय्यर कोलकाता नाइट राइडर्स का हिस्सा थे. वे टीम के लिए कप्तानी भी कर चुके हैं. लेकिन केकेआर ने उन्हें रिलीज कर दिया. अय्यर अब पंजाब किंग्स का हिस्सा हैं. वे आईपीएल इतिहास के दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी रहे. श्रेयस को पंजाब ने 26.75 करोड़ रुपए में खरीदा. पंजाब अब श्रेयस को कप्तान भी बना सकती है.

### आईपीएल ऑक्शन 2025:

## चेन्नई ने अश्विन और नूर अहमद को खरीदा, ये है नई टीम



**नईदिल्ली, एजेंसी।** जेब में 55 करोड़ रुपये के साथ चेन्नई सुपर किंग्स, आईपीएली 2025 के मेगा ऑक्शन में खिलाड़ियों को खरीदने उतरी है. जेद्दा में चल रही नीलामी में छस्य ने खाता खोल लिया है मतलब पहला खिलाड़ी खरीद लिया है. चेन्नई ने सबसे पहले डेवॉन कॉन्वे को खरीदा जो इससे पहले इसी टीम का हिस्सा थे. कॉन्वे को 6 करोड़ 25 लाख रुपये की बड़ी रकम मिली. पिछले सीजन सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेलने वाले राहुल त्रिपाठी को भी चेन्नई सुपरकिंग्स ने 3.25 करोड़ में खरीदा.रचिन रवींद्र को भी चेन्नई सुपरकिंग्स ने आरटीएम कार्ड इस्तेमाल कर 4 करोड़ में खरीदा. आर अश्विन भी चेन्नई सुपरकिंग्स का हिस्सा बन गए हैं. ये खिलाड़ी 9 साल बाद चेन्नई में लौटा है. अश्विन को चेन्नई ने 9.75 करोड़ रुपये में खरीदा है. बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद को चेन्नई ने 4 करोड़ 80 लाख रुपये में खरीदा. अफगानिस्तान के स्पिनर नूर अहमद को चेन्नई ने सबसे ज्यादा 10 करोड़ की कीमत पर खरीदा है.ऑक्शन से पहले चेन्नई फ्रेंचाइजी ने जिन 5 खिलाड़ियों को रिटेन किया, उनमें धोनी के अलावा, रवींद्र जडेजा, शिवम दुबे, ऋतुराज गायकवाड़ और मथीषा पाथिराना के नाम शामिल रहे. ढ्ढक्क 2025 में हरेक फ्रेंचाइजी के पास टीम बनाने के लिए 120 करोड़ है. उस 120 करोड़ में से छस्य ने 65 करोड़ रुपये सिर्फ उन 5 खिलाड़ियों को रिटेन करने के लिए खर्च किए हैं.

# 7 रन पर ऑल आउट हुई ये टीम, टी-20 इंटरनेशनल में सबसे कम स्कोर का बना वर्ल्ड रिकॉर्ड



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पर्थ टेस्ट में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हरा दिया. बुलावायो में खेले वनडे में जिम्बाब्वे ने पाकिस्तान को पीट दिया और टी20 इंटरनेशनल मैच में क्या हुआ? इस फॉर्मेट में एक ही मैच में दो वर्ल्ड रिकॉर्ड बन गए. एक सबसे कम स्कोर और दूसरा सबसे बड़ी जीत का. ये दिलचस्प मुकाबला आइवरी कोस्ट और नाइजीरिया के बीच आईसीसी मेंस टी-20 वर्ल्ड कप सब रिजनल अफ्रीका क्वालिफायर के ग्रुप सी में खेला गया. लागोस में खेले इस मुकाबले से ज्यादा चर्चा उसमें 7 रन पर ऑल आउट होने वाली टीम की रही.

### नाइजीरिया ने 20 ओवर में बनाए 271 रन

मुकाबले में नाइजीरिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और उसके बाद 20 ओवर में 4 विकेट पर 271 रन बनाए. नाइजीरिया की ओर से उसके ओपनर सलीम सलाऊ ने 53 गेंदों पर 112 रन की पारी खेली. वहीं मिडिल ऑर्डर में इसाक ओपेक ने 23 गेंदों पर 65 रन जड़ दिए. नतीजा ये हुआ कि इस टीम ने आइवरी कोस्ट के सामने 272 रन का बड़ा लक्ष्य रख दिया.

### 7 रन पर ऑल आउट हुई आइवरी कोस्ट की टीम

अब आइवरी कोस्ट की टीम जब बल्लेबाजी करने उतरी तो उसके 4 के स्कोर पर पहले 2 विकेट गिरे. फिर 5 के स्कोर पर दो और बल्लेबाज आउट हो गए. 6 रन के स्कोर पर तीन और बल्लेबाज के विकेट गिरे जबकि 7 रन पर वो ऑल आउट ही हो गई.आइवरी कोस्ट ने 7.3 ओवर की गेंदबाजी में 7 रन बनाए और अपने सभी विकेट गंवाए. नाइजीरिया ने मैच 264 रन के बड़े अंतर से जीता जो कि मेंस ञ्20 इंटरनेशनल में रनों से जीत का तीसरा सबसे बड़ा मार्जिन है. लेकिन इससे भी बड़ी बात ये रही कि आइवरी कोस्ट ने सबसे लोएस्ट टोटल का मेंस टी-20 इंटरनेशनल में नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया.

# जिला मजिस्ट्रेट ने कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के पालन के संबंध में जारी किया आदेश

## ध्वनि प्रदूषण उड़नदस्ता दल का गठन

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार ने मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर पन्ना जिले की सीमा क्षेत्र में अधिनियम का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश जारी किए हैं। आदेश के उल्लंघन पर संबंधित के विरूद्ध विधिसम्मत कार्यवाही की जाएगी। उल्लेखनीय है कि उच्च एवं उच्चतम न्यायालय तथा राष्ट्रीय हरित अधिकरण के दिशा निर्देशों, ध्वनि प्रदूषण विनियम और नियंत्रण नियम 2000 और म.प्र. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के प्रावधानों के परिपालन और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए 13 दिसम्बर 2023 को भी आवश्यक निर्देश जारी किए गए थे, जिसके तहत दिन एवं रात्रि में औद्योगिक क्षेत्र में अधिकतम अनुमत्य ध्वनि सीमा क्रमश: 75 एवं 70 डेसीबल, वाणिज्यिक क्षेत्र में 65 एवं 55 डेसीबल, रहवासी क्षेत्र में 55 एवं 45 डेसीबल और साइलेंट जोन में 50 एवं 40 डेसीबल निर्धारित है।

इस संबंध में जिला मजिस्ट्रेट द्वारा ध्वनि सीमा मानक का अनुपालन सुनिश्चित करने तथा निर्धारित मापदण्डों से अधिक उपयोग पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग पूर्णत: प्रतिबंधित कराने के निर्देश जारी किए गए हैं। आदेश का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने के लिए जिला स्तर पर अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट को नोडल अधिकारी बनाया गया है, जबकि पुलिस थानावार उड़नदस्ता दल का गठन भी किया गया है। पन्ना, देवेन्द्रनगर, मड़ला और बृजपुर थाना के लिए अनुविभागीय मजिस्ट्रेट पन्ना एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पन्ना को उड़नदस्ता दल का प्रभारी नियुक्त किया गया है, जबकि अजयगढ़ एवं धरमपुर थाना के लिए अनुविभागीय मजिस्ट्रेट अजयगढ़ एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अजयगढ़ को, गुनौर, अमानगंज, सलेहा एवं सुनवानी



थाना के लिए अनुविभागीय मजिस्ट्रेट गुनौर एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गुनौर को, पवई एवं सिमरिया थाना के लिए अनुविभागीय मजिस्ट्रेट पवई एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पवई को तथा शाहनगर एवं रैपुरा थाना के लिए अनुविभागीय मजिस्ट्रेट शाहनगर एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस शाहनगर को उड़नदस्ता प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। समस्त पांच उड़नदस्ता दल में संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार सहित नगरीय निकायों के सीएमओ एवं जनपद पंचायत सीईओ, थाना प्रभारी, कार्यपालन यंत्री म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अथवा बोर्ड के अधिकृत अधिकारी को शामिल किया गया है। उड़नदस्ता दल द्वारा अपने क्षेत्र अंतर्गत थानावार धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों, जहां ध्वनि विस्तारण यंत्रों का प्रयोग होता है, की जानकारी एकत्र कर उनकी सूची संकलित करेंगे। तथा ऐसे धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों का नियमित एवं आकस्मिक रूप से निर्धारण उपकरणों के साथ औचक निरीक्षण भी किया जाएगा। ध्वनि प्रदूषण के संबंध में शिकायत प्राप्त होने पर त्वरित जांच कार्यवाही के उपरांत अधिकतम तीन दिवस में जांच प्रतिवेदन अनुविभागीय मजिस्ट्रेट को सौंपा जाएगा। अनुविभागीय मजिस्ट्रेट द्वारा जांच रिपोर्ट के आधार पर उल्लंघनकर्ता को सुनवाई का अवसर प्रदान करने के लिए अविलंब विधिवत नोटिस जारी कर विभिन्न अधिनियमों व धाराओं के प्रावधानों के तहत कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही स्वयं अथवा उड़नदस्ता प्रभारी के माध्यम से प्रकरण में प्रथम सूचना रिपोर्ट अथवा न्यायालय के समक्ष परिवाद प्रस्तुत करने के लिए जरूरी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। धर्मगुरूओं से संवाद कर ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण की करें अपील जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश में उल्लेखित है कि अनुविभागीय मजिस्ट्रेट अपने क्षेत्र अंतर्गत संबंधित धर्मगुरूओं से संवाद व समन्वय स्थापित कर ध्वनि प्रदूषण के दुष्प्रभाव से अवगत कराएं। साथ ही धार्मिक स्थलों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए शासन के दिशा निर्देशों का पालन करवाने की अपील करें। इसके साथ ही धर्मगुरूओं के सहयोग से धार्मिक स्थानों से अवैध लाउड स्पीकरों को हटवाकर निर्धारित नियमों का पालन कराया जाए। नियमों व आदेशों का अनुपालन नहीं होने पर धर्म स्थलों की थानावार सूची तैयार कर प्रस्ताव नोडल अधिकारी को प्रेषित करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकतम दो डीजे के प्रयोग की दी जा सकेगी अनुमति अनुविभागीय मजिस्ट्रेट को ध्वनि विस्तारण यंत्रों के अधिकतम अनुमत्य ध्वनि सीमा के तहत ध्वनि मानकों के प्रावधानों का पालन कर विधिवत अनुमति प्रदान करने के लिए प्राधिकृत किया गया है। प्रभारी अधिकारी द्वारा सामान्यत: मध्यम आकार के अधिकतम दो डीजे के प्रयोग की विधिवत अनुमति प्रदान की जा सकेगी। किसी भी संस्था या व्यक्ति द्वारा निर्धारित नियमों का पालन कर इनका उपयोग किया जा सकेगा, लेकिन किसी भी उल्लंघन पर आयोजकों के विरूद्ध अनुविभागीय मजिस्ट्रेट द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। साथ ही ध्वनि प्रदूषण नियम के पालन के लिए नियुक्त लोक सेवकों द्वारा भी लापरवाही पर इनके विरूद्ध भी सक्षम प्राधिकारी द्वारा कार्यवाही की जा सकेगी।

# भगवती मानव कल्याण संगठन की संभागीय बैठक संपन्न



पन्ना

नशामुक्त को लेकर भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा लगातार कार्य किये जा रहें है। तथा जिले में मासिक महाआरती एवं अन्य कार्यक्रमो को लेकर संभागीय पदाधिकारी शामिल हुए तथा पन्ना जिले के लोगो से चर्चा की गई। इस दौरान मीडिया प्रभारी गजेन्द्र साहू ने बताया कि परमहंस योगीराज शक्तिपुत्र जी महाराज के दिशा निर्देशन में भगवती मानव कल्याण संगठन के तत्वावधान में नशें-मांस, भय-भूख-भ्रष्टाचार, जातिवाद-छुआछूत, सांप्रदायिकता से मुक्त चेतनावान-चरित्रवान समाज के निर्माण हेतु देश नहीं अपितु विदेशों में लगातार नशामुक्ति अभियान चलाया जा रहा है इसी के तहत पन्ना जिले में मासिक महाआरती संपन्न हुई महाआरती के पश्चात भगवती मानव कल्याण संगठन के संभागीय पदाधिकारियों ने समीक्षा बैठक ली व संगठन, पार्टी के 2025 के नवनियुक्त जिला व ब्लॉक कार्यकारणी हेतु दिशानिर्देश जारी किए व पन्ना जिला में संगठन के माध्यम से नशामुक्ति अभियान को और गति देने के लिए रणनीति बनाई। बैठक में संभागीय अध्यक्ष डॉ सुजान सिंह, प्रचार मंत्री ओमवती अठया, पन्ना अध्यक्ष संजय पटेल, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जीपीडीपी के संबंध में ग्राम पंचायतो की स्थायी समितियों का प्रशिक्षण संपन्न



**पन्ना।** जन अभीयान योजना के तहत सबकी योजना सबका विकास की थीम पर नौ विषय को ध्यान में रखकर ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार करने की कवायद प्रशासन स्तर पर प्रांरम्भ की गई है। अभी ग्राम पंचायत स्तरीय दल का प्रशिक्षण चल रहा है। समर्थन संस्था अपने कार्यक्षेत्र में ग्राम पंचायत में गठित स्थायी समिति सदस्यो को प्रशिक्षित करने का कार्य सेक्टर स्तर पर कर रही है। इसी कड़ी में अजयगढ़ जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत प्रतापपुर, भसूड़ा, कल्याणपुर, हरदी के स्थायी समिति सदस्यो को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें लगभग तीन दर्जन से अधिक सदस्य शामिल रहें। इस दौरान बताया गया कि ग्राम पंचायतों मे इस प्रकार की योजनाए बनाई जाये। जिसका लाभ सभी को मिलें। कृषी तथा पंचायती राज मंत्रालय के दिशा निर्देश का पालन करते हुए गरीबी मुक्त ग्राम पंचायतो, जल से परिपूर्ण, महिला हितैषी, बाल हितैषी, शुशासन, अधोसरचना, सामाजिक रूप से संक्षम, साफ सुथरी ग्राम पंचायत बनाने एवं सब खुशहाल हो ऐसी योजना बनाने की वात कही गई। प्रोजेक्टर के माध्यम से उपस्थित लोगो को अनेक बिन्दुओं पर विस्तार से बताया गया। इस दौरान प्रशिक्षक के रूप में दीपक कुमार, विनीत द्विवेदी, समर्थन संस्था के क्षेत्रीय समन्वयक ज्ञानेन्द्र तिवारी एवं लखनलाल शर्मा, मीत पटेल, विकास मिश्रा एवं फरीदा बी आदि उपस्थित रहे।

# भुलगवां ग्राम पंचायत की महिला सरपंच ने केन नदी मड़ला पुल से लगाई छलांग पुलिस नें बचाया

## चन्द्रनगर उपस्वास्थ केन्द्र मे चल रहा ईलाज

**पन्ना।** गुनौर जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत भुलगवां की महिला सरपंच शीलाबाई पति बाबूलाल दहायत उम्र 50 वर्ष ने मडला स्थित केन नदी के पुल से छलांग लगा दी। लेकिन वह तैरना जानती थी, जिससे वह काफी देर तक तैरती रहीं, लेकिन लोगो द्वारा देख लेने पर स्थानीय तैराको तथा पुलिस जवानों द्वारा उसे बचा लिया गया तथा उसका ईलाज चन्द्रनगर उपस्वास्थ केन्द्र में चल रहा है। बताया जाता है कि वह भुलगवां से चन्द्रनगर के पास स्थित बामोर गांव रिस्तेदारी में गई हुई थी, तथा वहां से लौटकर नदी में छलांग लगा दी। मामले में फिलहाल पारिवारिक विवाद सामने आ रहा है। लेकिन यह स्पष्ट नहीं हुआ कि किन कारणो के चलते उसके द्वारा यह कदम उठाया गया है।

# हिंदू सनातन एकता यात्रा में 111 गाड़ी सहित श्रद्धालुओं को लेकर शामिल होंगे : विधायक

## 29 नवंबर को ओरछा पहुंचेंगे श्रद्धालु, राम राजा की करेंगे दर्शन

### जाति पात खत्म करने और हिंदू एकता का संकल्प दिलाया

**पन्ना।** विश्व में सनातन की अलख जगाने में लगे और इन दोनों हिंदू सनातन एकता यात्रा को लेकर पदयात्रा कर रहे बागेश्वरधाम की पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री द्वारा लगातार पदयात्रा की जा रही है जिसका समापन ओरछा में 29 नवंबर को ओरछा में राम राजा सरकार के दर्शन और एकता का संकल्प लेकर होगा जिसके समापन अवसर पर देश दुनिया के बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं इस पवित्र अवसर में पन्ना जिले के गुनौर विधायक डॉक्टर राजेश वर्मा और भाजपा प्रदेश कार्य समिति



सदस्य सतानंद गौतम शामिल हुए। यात्रा के दौरान महाराज श्री से चर्चा के बाद विधायक डा राजेश वर्मा ने संकल्प लिया की समापन अवसर पर 111 वाहनों के साथ श्रद्धालुओं को लेकर शामिल होंगे। आज डॉक्टर राजेश वर्मा एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य सदानंद गौतम, शिवकुमार त्रिपाठी, गजेंद्र सोनकिया,लोकेंद्र यादव राजश्री परमार, अजय सिंह परमार डॉ सौरभ खरे साथ बागेश्वरधाम की पदयात्रा में शामिल हुए और व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की दौरान महाराज श्री ने कहा कि बड़ी संख्या में पन्ना के श्रद्धालु शामिल होना चाहिए तब डॉक्टर राजेश वर्मा ने 111 वाहनों के साथ समापन अवसर पर शामिल होने का संकल्प लिया और विधायक राजेश वर्मा उनकी तैयारी में जुट गए हैं गुनौर विधानसभा और आसपास की गांव की बड़ी संख्या में श्रद्धालु इन वाहनों में सवार होकर ओरछा धाम पहुंचेंगे। आज की पदयात्रा के प्रभारी सदानंद गौतम ने बताया कि नौगांव से देवरीबांधा तक 22 किमी का सफर तय किया आज महाराज श्री की इस पदयात्रा में 30 हजार से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए हैं, महाराज श्री प्रतिदिन 20 किलोमीटर से अधिक की यात्रा कर रहे हैं इस दौरान बागेश्वर धाम सरकार सार्वजनिक रूप से हिंदुओं को एक जुट होने जाति पात खत्म कर आगे बढ़ाने का संकल्प दिला रहे हैं, और आह्वान किया कि प्रत्येक हिंदू को अपनी संतानों को सनातन की शिक्षा अवश्य देना चाहिए तभी धर्म बचेगा और विश्व में शांति होगी।

# हरदुआ पुलिस चौकी क्षेत्र में पकड़ी गई अवैध शराब

**पन्ना।** थाना सिमरिया क्षेत्र अंतर्गत हरदुआ चौंकी में आम नागरिकों के द्वारा अवैध शराब की विक्री करते हुए दिनांक 23 नवम्बर 2024 को शाम सात बजें शराब माफियाओं को पकड़ा गया तथा भारी मात्रा में उनके कब्जे से शराब पकड़ी गई थी। उक्त शराब तथा आरोपीयों को चौकी प्रभारी सावित्री राजपूत के सुपुर्द किया गया था। लेकिन चौकी प्रभारी द्वारा अवैध रूप से विक्रय की जा रहीं शराब माफियाओं के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई। स्थानीय लोगो ने बताया कि चार पेटी दो सौ क्वार्टर ओर एक मोटरसाईकिल एचएफ डीलक्स बिना नंबर के साथ दो आरोपी पकड़े गए थे। लेकिन बताया जाता है कि चौंकी प्रभारी द्वारा बिना किसी कार्यवाही के संबंधितो को छोड़ दिया गया है। स्थानीय लोगो ने पुलिस अधीक्षक से संबंधित चौकी प्रभारी के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की गई है।

# शासकीय भूमि में बना पीएम आवास अतिक्रमण की चपेट में, प्रशासन ने किया जमीदोज

## पीएम आवास में घोर लापरवाही एवं नगरपरिषद की मूक सहमति से बने पीएम आवास सडक निर्माण मे बने थे बाधक

**पन्ना।** नगर में पीएम आवास में व्यापक धांधली किए जाने की आम लोगों में जन चर्चा का विषय बना हुआ है पीएम आवास नगर में सभी नियमों को ताक में रखते हुए सरकारी भूमि में अनेकों पीएम आवास निर्मित किए गए हैं जबकि पीएम आवास की नियमावली के अनुसार निजी भूमि पर पीएम आवास का निर्माण किया जाना चाहिए लेकिन नगर परिषद के जवाबदेह अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लापरवाही के कारण पीएम आवास का निर्माण सरकारी भूमि में कराया



गया है और उनके खातों में सभी किस्त भी डाल दी गई! आश्चर्य तो यह है कि शासकीय भूमि में निर्मित पीएम आवास का जियो टैग कैसे किया गया? जबकि जिओ टैग नियमानुसार हितग्राही के पुराने आवास में ही पीएम आवास बनाए जाने थे लेकिन इसके वावजूद भी शासकीय भूमि में स्वीकृत कर जियो टैग किया गया और पीएम आवास की किस्त डालकर निर्माण कराया गया जिसका उदाहरण सकरिया गुनौर सडक मार्ग पर ककरहटी वार्ड न 9 में बना पीएम आवास है जो सड़क निर्माण में अवैध अतिक्रमण की चपेट में आने के कारण प्रशासन द्वारा जमीदोज कर दिया गया जो नगर परिषद के जबाबदेह अधिकारियो एवं कर्मचारियों पर प्रश्न चिन्ह है? जिसका खुलासा अतिक्रमण हटाने के दौरान हुआ ऐसे ही नगर में अनेकों जगह पीएम आवास स्वीकृत कर जियो टैग किये गए है जो जवाबदेह अधिकारी एवं कर्मचारियों की लापरवाही एवं धांधली को उजागर कर रहे हैं प्रशासन को पीएम आवास की निष्पक्ष जांच कर कर लापरवाह अधिकारी एवं कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करनी चाहिए।

# मडला स्थित केन नदी के पुल की हालत जीर्णशीर्ण कभी भी हो सकती है बड़ी घटना

## राष्ट्री राज्यमार्ग के जिम्मेवार अधिकारी नहीं दे रहें ध्यान



**पन्ना।** जिले के मड़ला पन्ना छतरपुर सीमा पर स्थित केन नदी का पुल जीर्णशीर्ण हालत में पंहुच गया है तथा कभी भी बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है। पुल को बनें हुए लगभग सत्तर साल बीत चुके है, जिससे उसकी अवधि भी पूर्ण हो चुकी है तथा नया पुल बनाये जाने की मांग लगातार उठ रहीं है। लेकिन अभी तक पुल के निर्माण के संबंध में संबंधित विभागों द्वारा कोई प्रयास नहीं किये जा रहें है। पन्ना, सतना, छतरपुर, सागर, भोपाल, झासी, आदि स्थानों के जाने के लिए यह राष्ट्रीय राज्यमार्ग सबसे अधिक चलता है तथा भारी वाहन यहीं से गुजरते है। जिससे लगातार पुल पर बदाव बना हुआ है। उसके बावजूद भी संबंधित पुल का निर्माण नहीं हो रहा है। स्थानीय लोगो ने मड़ला स्थित केन नदी पर नया पुल बनाये जाने की मांग की है।

# आम आदमी पार्टी द्वारा आज मनाया जायेगा स्थापना दिवस

**पन्ना।** पूरे देश में आम आदमी पार्टी द्वारा पार्टी का स्थापना दिवस 26 नवम्बर को मनाया जायेगा। इसी कड़ी में पन्ना जिले में भी स्थापना दिवस मनाने को लेकर अनेक कार्यक्रम किये जायेगें। जिला अध्यक्ष अंजली यादव नें बताया कि सबसे पहले बाबा साहब अम्बेडकर के चित्र पर माल्यपर्ण किया जायेगा, तथा केक काटकर संविधान दिवस एवं स्थापना दिवस मनाया जायेगा। तत्पश्चात् नगर में मोटर साईकिल रैली निकाली जायेगी। इसके बाद जिला अस्पताल पंहुचकर लोगो से मुलाकात करते हुए पन्ना जिला अस्पताल के निजीकरण को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जायेगा।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई डीएलसीसी बैठक



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में गत शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैंकर्स के साथ विशेष डीएलसीसी एवं डीएलआरसी बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय सहित भारतीय स्टेट बैंक एवं मध्यांचल ग्रामीण बैंक के मुख्य प्रबंधक, लीड बैंक अधिकारी, समस्त बैंक के नोडल अधिकारी तथा शासकीय ऋण योजनाओं से जुड़े समस्त विभाग के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। बैठक में जिले की समस्त ग्राम पंचायतो में जनसुरक्षा कैम्प के आयोजन के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति को बैंकिंग योजनाओं का लाभ प्रदान करने तथा सरपंच व सचिव से शिविर आयोजन में आवश्यक सहयोग का प्रस्ताव रखा गया। इसके अतिरिक्त आगामी एक जनवरी 2025 से बैंकिंग संव्यवहार का समय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक निर्धारित करने का निर्णय लिया गया। जिला कलेक्टर ने सभी विभागों को लक्ष्य अनुरूप ऋण आवेदन जमा करने तथा बैंक को आवेदनों का निर्धारित समयावधि में निराकरण के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही बैंकर्स को एनपीए की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में जमा करने के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं के आवेदन, जो पिछले वित्तीय वर्ष के विभिन्न पोर्टल पर लंबित हैं, उन्हें निराकृत करने तथा पीएमएफएमई योजना, पशु एवं मत्स्य केसीसी व अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं का निर्धारित लक्ष्य इस वित्तीय वर्ष में अनिवार्यत: पूर्ण करने के लिए कहा।

# पवई में अभिभाषकगण के साथ की बैठक



**पन्ना।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय पन्ना द्वारा आगामी 14 दिसम्बर को नेशनल लोक अदालत के क्रियान्वयन के दृष्टिगत आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। इस क्रम में आज जिला न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के सचिव हरप्रसाद बंशकार की अध्यक्षता में पवई में अभिभाषकगण की बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर जिला न्यायाधीश पवई नवनीत कुमार वालिया सहित न्यायिक मजिस्ट्रेट पवई हिमांशी ठाकुर भारद्वाज, जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते, अधिवक्ता संघ पवई के अध्यक्ष राजेश कुमार नगायच भी उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित अधिवक्तागण से क्लेम प्रकरणों, मोटर दावा दुर्घटना, सिविल एवं क्रिमिनल अपील के प्रकरण को राजीनामा के माध्यम से निराकरण के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही गत लोक अदालत के प्रकरणों से 10 प्रतिशत अधिक मामलों के निराकरण के लिए भी प्रेरित किया गया।

# सी.एम. राइस विद्यालय में मनाया गया नेशनल कैडेट कोर का 76 वां स्थापना दिवस

पवई

सी.एम. राइस विद्यालय पवई में 76 वां एनसीसी स्थापना दिवस रविवार को कमांडिंग अधिकारी 4 मध्य प्रदेश (स्वतंत्र) कंपनी एनसीसी कटनी के निर्देशन में प्राचार्य और एनसीसी चीफ ऑफिसर आर के नगायच,आर के श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य और सुदीप त्रिपाठी के विशिष्ट आतिथ्य में मनाया गया,जिसमें एनसीसी कैडेट्स ने राष्ट्रीयता से ओत प्रोत गीत,संगीत,भाषण और कविता पाठ की प्रस्तुति दी गई। सर्व प्रथम छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना श्रीमती संध्या पटेल ,शीलू पटेल के निर्देशन में की गई। सुदीप त्रिपाठी द्वारा विद्या की देवी



सरस्वती और प्रथम पूज्य बुद्धि के देव गणेश का पूजन अर्जन अतिथियों द्वारा किया गया। कैडेट शिवंचल नामदेव ने राष्ट्रीय गीत गायन वादन किया ,नैतिक नामदेव ने भाषण देते हुए एन सीसी स्थापना के उद्देश्य की जानकारी जी गई, तथा अन्य कैडेट्स ने कविता पाठ किया गया साथ ही एनसीसी के इतिहास,स्थापना की जानकारी देते हुए एनसीसी से कैडेट्स को मिलने वाले लाभ से अवगत कराया।एन सी सी कैडेट्स और सामान्य छात्र में अंतर को स्पष्ट करते हुए कहां कैडेट्स को जहां अतिरिक्त सुविधाएं नौकरी और शिक्षा में मिलती है।

इसके कैडेट्स कई क्षेत्र में सामान्य छात्रों से आगे रहते है जिसमें फायरिंग, मेप रीडिंग, डिजास्टर मैनेजमेंट, लीडर शिप क्षमता, स्वास्थ्य वर्धन,और कार्य कुशलता एकता और अनुशासन की वजह से अच्छे नागरिक बनने में सहायक होते है और राष्ट्र प्रथम की भावना विकसित होती है। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती संध्या पटेल ने किया।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, मंगलवार 26 नवम्बर 2024




निगम आयुक्त द्वारा निगम सभागार में टीएल बैठक ली गई निर्माण एवं राजस्व, भवन अनुज्ञा तथा कम्पाउडिंग कार्यो की प्रगति की समीक्षा की गई। सीवरेज के चल रहे कार्यो एवं रोड़ रेस्ट्रोरेशन की शिकायतों पर निर्देशित किया गया कि टीम बढ़ाकर रोड़ रेस्ट्रोरेशन की प्रक्रिया तेज कराया जाय एवं प्रति सप्ताह लक्ष्य के अनुरूप प्रगति दर्ज की जाय।



## ग्रेडिंग में सुधार नहीं हुआ तो रूकेगी अधिकारियों की वेतन वृद्धि

### समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं के प्रकरण सात दिन में निराकृत करें : डॉ सोनवड़े

रीवा

कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवड़े ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। डॉ सोनवड़े ने कहा कि आदिमजाति कल्याण विभाग, पिछड़ावर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं वन विभाग डी ग्रेडिंग में हैं। अधिकारी अगर सीएम हेल्पलाइन की रैंकिंग व्यवस्था को समझ लें और प्रकरणों को स्वयं पढ़ लें तो आधे से अधिक प्रकरण निराकृत हो जाएंगे। प्रकरण के अनअटेंडेड रहने तथा संतुष्टिपूर्वक निराकरण न होने पर ग्रेडिंग में गिरावट आती है। सीएम हेल्पलाइन में डी और सी ग्रेडिंग में रहने वाले विभागों के अधिकारी 10 दिवस में ग्रेडिंग में सुधार करें नहीं अन्यथा वेतनवृद्धि रोकने की कार्यवाही की जाएगी। सीएम हेल्पलाइन से ही प्रकरण समाधान ऑनलाइन में जाते हैं। इसके एजेण्डा बिन्दुओं के सभी



प्रकरण सात दिवस में निराकृत करें।

प्रभारी कलेक्टर ने कहा कि जिला लोक सेवा प्रबंधक प्रतिदिन दो से तीन विभागों के लंबित प्रकरणों की संबंधित विभाग के अधिकारियों के समक्ष समीक्षा करें। विभागीय अधिकारियों के प्रस्ताव के अनुसार ही प्रकरण बंद कराएं। स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग में ऑनलाइन भुगतान के असफल होने के कारणों का पता लगाएं। इन कारणों को दूर कर संबंधित हितग्राही को भुगतान कराएं। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरण अनअटेंडेड रहने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध जुर्माने की कार्यवाही करें। गंगेव, रायपुर कर्चुलियान, जवा तथा त्योंथर सहित सभी विकासखण्डों में सामान्य प्रशासन विभाग एवं आधार तथा समग्र आईडी से संबंधित प्रकरण सीएम हेल्पलाइन में बिना कार्यवाही के लंबित हैं। इन पर तत्परता से कार्यवाही करें। सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन में 50 दिन से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निराकरण पर भी विशेष ध्यान दें।

बैठक में प्रभारी कलेक्टर ने कहा कि सभी एसडीएम खाद वितरण केन्द्रों तथा बीज वितरण केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करें। खाद और बीज के अमानक पाए जाने पर कार्यवाही कराएं। जिले को पर्याप्त मात्रा में खाद मिल रही है। इसी सप्ताह खाद की दो रैक आने वाली है। इनका भी सहकारी समितियों तथा डबल लाक सेंटर्स से व्यवस्थित वितरण कराएं। डॉ सोनवणे ने कहा कि 27 नवम्बर को कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। सभी अधिकारी अपने विभाग के स्वेच्छा से रक्तदान करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों की सूची आज ही उपलब्ध करा दें। रक्तदान बहुत पुनीत कार्य है। आपके द्वारा दिए गए थोड़े से रक्त से किसी व्यक्ति को जीवनदान मिलता है। नियमित रूप से रक्तदान करने से शरीर में नए रक्त का निर्माण होता है। रक्तदान करने से कई गंभीर रोगों का खतरा बहुत कम हो जाता है। बैठक में प्रभारी कलेक्टर ने उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न के वितरण, नलजल योजनाओं के संचालन के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में अधिकारियों को धरती आबा अभियान, महिला एवं बाल विकास द्वारा चलाए जा रहे हम होंगे कामयाब अभियान तथा राजस्व महाअभियान के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देश दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती सपना त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले, एसडीएम मनगवां पीएस त्रिपाठी, एसडीएम त्योंथर संजय जैन, एसडीएम जवा पीयूष भट्ट तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान हम होंगे कामयाब अभियान के आयोजन के संबंध में समन्वय बैठक भी आयोजित की गई।

## जिले भर में आज मनाया जाएगा संविधान दिवस

**रीवा।** स्वतंत्रता के बाद देश का संविधान 26 नवम्बर 1949 को स्वीकार किया गया था। इस दिवस को देश भर में संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिले में 26 नवम्बर को जिला, विकासखण्ड तथा ग्राम पंचायत स्तर तक संविधान दिवस मनाया जाएगा। इस संबंध में प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवड़े ने कहा है कि सभी कार्यालयों में प्रातः 11 बजे संविधान दिवस के कार्यक्रम का आयोजन कर, संविधान की प्रस्तावना का वाचन करें। जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में प्रातः 10.30 बजे से आयोजित किया जायेगा। जिला शिक्षा अधिकारी सभी स्कूलों में भी संविधान दिवस के कार्यक्रम आयोजित करें। अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा महाविद्यालयों में संविधान दिवस के प्रस्तावना के वाचन तथा अन्य कार्यक्रम सभी महाविद्यालयों में कराएं। इस वर्ष देश के संविधान को स्वीकार करने के 75 वर्ष पूरे होने पर एक वर्ष तक हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत संविधान दिवस का आयोजन करें।

## उप मुख्यमंत्री एमएलएनआईटी प्रयागराज में कुंभ कॉनक्लेव में हुए शामिल



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, प्रयागराज में इंडिया थिंक काउंसिल के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय कुंभ कॉनक्लेव के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने उपस्थित बौद्धिक जनों से संवाद करते हुए कुंभ की प्रासंगिकता और इसके महत्व पर विचार साझा किए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने इस आयोजन को ज्ञान और विचार-विमर्श का एक महत्वपूर्ण मंच बताया, जहां भारत की सांस्कृतिक धरोहर और सामाजिक समरसता पर चर्चा की गई। उन्होंने इस अवसर पर सभी विशिष्ट अतिथियों का अभिवादन करते हुए आयोजकों को उनकी सराहनीय पहल के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में केरल के राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खान, परमार्थ निकेतन आश्रम (ऋषिकेश) के अध्यक्ष परम पूज्य स्वामी श्री चिदानंद सरस्वती (मुनि जी) और अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए निःशुल्क शिविर आज अटलरैन बसेरा में

**रीवा।** जिले में 70 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के लिए शहरी क्षेत्र में निःशुल्क शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शुक्ला ने बताया कि 26 नवम्बर को अटल रैन बसेरा में शिविर आयोजित किया गया है।

## घर बैठे बना सकते हैं बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड

**रीवा।** आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र व्यक्तियों को आयुष्मान कार्ड जारी किए गए हैं। इसकी सहायता से एक वर्ष की अवधि में पाँच लाख रुपए तक के उपचार की सहायता दी जाती है। शासन द्वारा 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। इसके लिए आधार कार्ड में अंकित जन्मतिथि को आधार माना गया है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि जिले में 70 साल से अधिक आयु के एक लाख 45 हजार व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए शहरी क्षेत्र के सभी वार्डों, ग्राम पंचायतों तथा सभी अस्पतालों एवं संजीवनी केन्द्रों में शिविर लगाए जा रहे हैं। आशा कार्यकर्ता, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, एएनएम तथा सीएचओ द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि घर बैठे भी आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा है। इसके लिए बस एन्ड्रायॅड फोन की आवश्यकता होगी। अपने फोन पर आयुष्मान एप डाउनलोड कर लें। इसमें निर्धारित विवरण दर्ज कर दें। आधार कार्ड और समग्र आईडी की जानकारी दर्ज करने के बाद दर्ज किए गए मोबाइल नम्बर पर ओटीपी आएगा। इसे दर्ज करने पर आयुष्मान कार्ड डाउनलोड हो जाएगा। यदि ओटीपी दर्ज करने के बाद किसी तरह का एरर दिखाई देता है तो पुनः क्लिक करके ओटीपी प्राप्त करें। इसमें पंजीयन होने के बाद आयुष्मान कार्ड जनरेट हो जाएगा।

## महायुति की जीत पर शिवसैनिकों ने जताया हर्ष

**रीवा।** आर.टी.ओ.तिराहा रतहरा स्थित शिवाजी पार्क में शिव सैनिकों द्वारा महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति की विजय पर आमजन के बीच मिष्ठान का वितरण कर खुशी व्यक्त की गई। इस अवसर पर शिव सैनिक कवि मिश्र ने कहा कि आज वास्तविक शिवसेना की विजय हुई है तथा बाला साहब ठाकरे के हिन्दुत्ववादी विचारधारा को महाराष्ट्र की जनता ने स्वीकार किया है, शिवसेना की जीत महाराष्ट्र की जनता की जीत है जो वधाई की पात्र है।

## धरती आबा अभियान में शामिल गांवों की तत्काल कार्ययोजना बनाएं

### जनजातीय बहुल गांवों में चिन्हित योजनाओं की शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति करें : डॉ सोनवड़े

**रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवड़े ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की समीक्षा की। डॉ सोनवड़े ने कहा कि यह अभियान 15 नवम्बर से चलाया जा रहा है। अभियान में जवा विकासखण्ड के 115 तथा सिरमौर विकासखण्ड के 153 जनजातीय बहुल गांवों सहित अन्य विकासखण्डों के भी गांव शामिल हैं। इन गांवों में समग्र विकास की कार्ययोजना तत्काल बनाएं। अभियान में शामिल 18 विभागों की 25 योजनाओं के पात्र अनुसूचित जनजाति परिवार के हितग्राहियों को शत-प्रतिशत लाभान्वित करें। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आदिवासी बहुल गांवों में प्रधानमंत्री आवास योजना, आंगनवाड़ी केन्द्रों के निर्माण, पेयजल व्यवस्था तथा अन्य हितग्राही मूलक योजनाओं के छूटे हुए हितग्राहियों के नाम कार्ययोजना में शामिल करें। इसके लिए ग्राम पंचायतवार शिविरों का आयोजन करें। अभियान में शामिल विभागों के कर्मचारी शिविर में उपस्थित होकर पात्र तथा छूटे हुए हितग्राहियों की सूची बनाएं। कृषि, पशुपालन, मछलीपालन, उद्यानिकी आदि विभागों के अधिकारी भी विभिन्न योजनाओं में पात्र अनुसूचित जनजाति हितग्राहियों का चयन करके उन्हें योजना का लाभ दें।

डॉ सोनवड़े ने कहा कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करके जनजातीय परिवार के सदस्यों की जाँच कराएं। इनमें सिकल सेल एनीमिया तथा अन्य गंभीर रोगों से यदि कोई पीड़ित मिलता है तो उसके उपचार की निःशुल्क व्यवस्था करें। इन शिविरों में ही आयुष्मान कार्ड भी बनाने की व्यवस्था करें।

## हम होंगे क़ामयाब अभियान में विभिन्न गतिविधियों का होगा आयोजन

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान हम होंगे क़ामयाब 25 नवम्बर से 10 दिसंबर तक चलाया जा रहा है। इस संबंध में प्रभारी कलेक्टर ने बताया कि जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान के तहत महिला सुरक्षा संवाद विषय पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला 25 व 26 नवम्बर को आयोजित की गई है। इसी क्रम में 27 नवम्बर को बाल विवाह निषेध जागरूकता अभियान के तहत बेविनार और सत्र आयोजित होंगे। कलेक्टर ने बताया कि कार्यशाला में सरकारी समन्वय और हितधारकों की ज़िम्मेदारी के माध्यम से जेंडर आधारित हिंसा का समाधान, सामुदायिक पुलिसिंग, महिला सुरक्षा में सहयोगी दृष्टिकोण, जेंडर आधारित हिंसा को समझना और स्थानीय कार्यान्वयन के लिए कार्य योजनाओं का विकास, पीड़ितों के लिए समर्थन प्रणाली को मज़बूत करना, वन स्टॉप सेंटर की भूमिका और मनोवैज्ञानिक प्रभाव ,महिला सुरक्षा को बढ़ावा देना त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र के माध्यम एम पी डायल 100 से अंतर्दृष्टि, महिलाओं की सुरक्षा कानूनों और नीतियों की समझ जैसे विषयों पर पहले दिन विषय विशेषज्ञों के साथ चर्चा होगी। कार्यशाला के दूसरे दिन युवाओं की भूमिका बदलाव के वाहक, पीड़ितों के लिए समर्थन प्रणाली को मज़बूत करना, वन स्टॉप सेंटर की भूमिका, तकनीक आधारित जेंडर हिंसा की समझ तथा विश्वविद्यालय स्तर पर महिला सुरक्षा उपाय जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी।

## डेंगू बीमारी से बचाव हेतु जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया गया

**रीवा।** जिले में डेंगू बीमारी के नियंत्रण एवं रोकथाम तथा बचाव हेतु जिला मलेरिया कार्यालय एवं गोदरेज एम्बेड प्रोजेक्ट की टीम द्वारा में शहरी क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं को मच्छर जनित बीमारियों मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, फाईलेरिया, जापनीज एनसिफेलाईटिस बीमारी के लक्षणों, बचाव उपचार व रोकथाम के बारे में प्रोजेक्टर के माध्यम से जानकारी दी गई। जागरूकता हेतु बैनर, पोस्टर, पम्पप्लेट, वितरण व कैनोपी का भी उपयोग किया गया। छात्रों को एडीज मच्छरों एवं क्यूलेक्स मच्छरों के लार्वा एवं प्यूपा दिखाकर लार्वा की पहचान कराई गई। मच्छरों के उत्पन्न होने वाले स्थलों की जानकारी एवं मच्छरों से बचाव हेतु व्यक्तिगत सुरक्षा के उपाय बताए गए। मच्छरजन्य परिस्थितियों को समाप्त करने हेतु जन भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु शिक्षको एवं छात्रों को शपथ दिलाई गई।

## प्रभारी कलेक्टर ने की स्वेच्छा से रक्तदान की अपील

**रीवा।** रीवा जिले में 27 नवम्बर को कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवड़े नागरिकों से स्वेच्छा से रक्तदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि 18 से 50 वर्ष की आयु के सभी व्यक्ति प्रत्येक 3 माह में रक्तदान कर सकते हैं। आपके द्वारा दिया गया रक्त किसी व्यक्ति के प्राण बचाने के काम आयेगा। हर व्यक्ति स्वयं रक्तदान करके शिविर को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें। साथ ही अन्य लोगों के लिये प्रेरित करें। प्रभारी कलेक्टर ने कहा है कि रक्तदान करने से हमारे शरीर को कोई नुकसान नहीं होता है। रक्तदान शिविर के लिये सामाजिक संगठन तथा स्वयंसेवी संस्थाओं की भी महत्वपूर्ण भागीदारी निभायें। जिले में नियमित अंतराल से रक्तदान शिविर आयोजित किये जा रहे हैं, जिससे ब्लड बैंक में पर्याप्त मात्रा में रक्त उपलब्ध रहे। कई बार समय पर रक्त प्राप्त न होने से गंभीर रोगियों के प्राण संकट में पड़ जाते हैं। शरीर से जितना रक्त बाहर निकलता है उसका निर्माण कुछ ही दिनों में पुनः हो जाता है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति 45 दिनों के अंतराल से नियमित अंतराल कर सकता है। जब हम रक्तदान करते हैं तो हमारे शरीर में नए रक्त का निर्माण होता है।

## अधिकारियों की निगरानी में जिले भर में हो रहा खाद का वितरण

**रीवा।** किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार सुगमता से खाद उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। शासन के निर्देशों के अनुसार खाद वितरण की निगरानी के लिए विपणन संघ के सभी सात विक्रय केन्द्रों में निगरानी के लिए अधिकारी तैनात किए गए हैं। इस संबंध में प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवड़े ने बताया कि डबल लाक सेंटर्स में अधिकारियों की निगरानी में खाद का वितरण किया जा रहा है। इसके साथ-साथ सहकारी समितियों तथा निजी विक्रेताओं द्वारा भी खाद का वितरण किया जा रहा है। चाकघाट में डबल लाक सेंटर में आज दोपहर दो बजे तक 115 किसानों को टोकन जारी करके खाद का वितरण किया गया।

## जनकल्याण के लिए संवेदनशीलता से कार्य करें : मुख्य सचिव

### मुख्य सचिव ने समाधान ऑनलाइन में की विभिन्न प्रकरणों की सुनवाई

**रीवा।** मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में विभिन्न जिलों के आवेदकों के प्रकरणों की सुनवाई की। मुख्य सचिव ने शिवपुरी, धार, सिंगरौली, नीमच, राजगढ़, पन्ना, खरगौन, रतलाम एवं ग्वालियर जिलों के आवेदकों की समस्याएं सुनी तथा संबंधितों को निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि सभी अधिकारी जनकल्याण तथा जनता के आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए संवेदनशीलता से कार्य करें। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का अंतिम रूप से निराकरण कराएं। प्रकरणों में संतुष्टि और सकारात्मक निराकरण समान होना चाहिए। शासन की योजनाओं और कार्यक्रमों के संबंध में अधिकारी




तथ्यपूर्ण रिपोर्टिंग करें। मुख्य सचिव ने कहा कि सभी अधिकारी अपने अधीनस्थ अधिकारियों के कौशल उन्नयन के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण का आयोजन करें। मैदानी अमले से योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में फीडबैक प्राप्त करें। अधिकारियों और कर्मचारियों को यदि किसी तरह की कठिनाई है तो उसे दूर करने का भी प्रयास करें। राजस्व महाअभियान के दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के सभी दर्ज प्रकरणों में ई केवाईसी करके फार्मर्स आईडी का निर्माण करा दें। जिससे किसानों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सके। मुख्य सचिव ने कहा कि देश के संविधान को अंगीकार करने के 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इसके कार्यक्रम वर्ष भर आयोजित किए जाएंगे। सभी जिलों में ग्राम पंचायत स्तर तक 26 नवम्बर को संविधान दिवस के कार्यक्रम आयोजित करें। इन कार्यक्रमों में संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराएं। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कमिश्नर कार्यालय के एनआईसी केन्द्र से कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी एमएस सिकरवार, डीआईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय, कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक मऊगंज रसना ठाकुर तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवड़े, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी तथा अन्य अधिकारी इसमें शामिल हुए।







स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833